


# पुष्पांजली टुडे

**नई सोच, नई पहल**

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 129

ग्वालियर, मंगलवार , 29 जून, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### ऑनलाइन क्लास में अचानक चल गया पोर्न

**नई दिल्ली (ए)।** कोरोना वायरस और लॉकडाउन के चलते नुकसान से बचने के लिए दफ्तर से लेकर पढ़ाई तक सबकुछ मोबाइल और लैपटॉप तक सीमित कर दिया गया है। ऐसे में छात्र बीते साल से ही ऑनलाइन क्लास ले रहे हैं। लेकिन इसी बीच खबर आई कि मुंबई के विलेपार्ले के एक कॉलेज की ऑनलाइन क्लास में कुछ शरारतियों ने पॉर्न वीडियो चला दिया। जैसे ही कॉलेज की ऑनलाइन क्लास शुरू हुई तो कुछ अज्ञात आरोपियों ने अश्लील वीडियो अपलोड कर दी, जिसके बाद इस घटना की शिकायत पुलिस में की गई। जुहू पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकरी ने बताया कि मामला चार दिन पहले का है जब कॉलेज के एक प्रोफेसर ने जुहू पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत की थी, जिसके आधार पर अज्ञात शख्स के खिलाफ आईपीसी की धारा 292, 570 और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि ये कोई पहली बार नहीं है जब ऑनलाइन क्लास में किसी छात्र या बाहरी तत्वों ने इस तरह की हरकत की हो। पहले ही टीचर और प्रोफेसर ऑनलाइन क्लास में इस तरह की परेशानियों का सामना करते रहे हैं। हाल ही में यूपी के अतर्रा में ऑनलाइन क्लास के दौरान एक पॉर्न वीडियो चल गया था जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने शिक्षक को दोषी मानते हुए हटा दिया था। इतना ही नहीं इस मामले की साइबर सेल में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। देश के अन्य हिस्सों से भी इस तरह के कुछ मामले पहले सामने आ चुके हैं। दरअसल तह शिक्षक ने गूगल मीट के जरिए कक्षा छह के विद्यार्थी की ऑनलाइन पढ़ाई को क्लास के व्हाट्सएप ग्रुप पर लिंक शेयर किया। सुबह 11 बजे से 11ः55 ऑनलाइन पढ़ाई का वक्त था। ऑनलाइन क्लास के दौरान पोर्न वीडियो चलने लगा। इससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में हड़कंप मच गया। मामले की शिकायत स्कूल प्रबंधन से की गई तो स्कूल प्रबंधन ने आनन फानन शिक्षक को स्कूल से हटा दिया। साथ ही पूरे मामले की जांच को अतर्रा थाने में सूचना देने के साथ साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### ओवैसी का मोदी सरकार पर हमला, आपकी कश्मीर पॉलिसी नाकाम साबित हुई

**नई दिल्ली (ए)।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला कर कहा कि आपकी कश्मीर पॉलिसी में आप नाकाम साबित हुए हैं। ओवैसी ने कहा कि पीएम मोदी बैठक में डिलीमिटेशन की बात हुई है..आप कौन-सा और कैसा डिलीमिटेशन करेंगे? जनसंख्या के आधार पर करेंगे या भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर करने वाले हैं, आपकी कश्मीर पॉलिसी में आप नाकाम साबित हुए। जम्मू में ड्रोन के जरिए बम ब्लास्ट को लेकर भी ओवैसी ने कहा कि जम्मू एयरपोर्ट पर पुलवामा की तरह हमला हुआ है। इसकी जिम्मेदारी मोदी सरकार के ऊपर आती है। ये ड्रोन इतना लंबा सफर तय करके यहां आया कैसे इसका जवाब देना चाहिए? बता दें कि 24 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से जम्मू कश्मीर को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। इसमें जम्मू कश्मीर के तमाम बड़े नेता शामिल हुए थे। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर के नेताओं को आश्वासन दिया था कि परिसीमन के बाद वहां चुनाव जरूर होंगे।

### तेज रफ्तार वाली दो बाइक की टक्कर, दो लोगों की मौत

**ग्रेटर नोएडा (ए)।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार वाली दो बाइक के आपस में टकराने की घटना में दो लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने बताया टक्कर के बाद गंभीर रूप से घायल एक युवक की रविवार को मौत हो गई और एक युवक ने सोमवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली के रहने वाले कुछ युवक तेज रफ्तार वाली बाइकों पर सवार होकर यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते आगरा से लौट रहे थे। ईकोटेक-प्रथम थाना क्षेत्र में बाइक का टायर फट गया, जिसकी वजह से बाइक अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी बाइक उससे टकरा गई। उन्होंने बताया कि हादसे में रविवार को राहुल तेवतिया की मौत हो गई। दिल्ली के रोहिणी निवासी यश का अस्पताल में इलाज चल रहा था। उपचार के दौरान सोमवार को यश की मौत हो गई।

### लाल किले हिंसा मामले में इनामी आरोपी गुरजोत सिंह गिरफ्तार

**नई दिल्ली (ए)।** देश की राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस के दिन यानी 26 जनवरी को किसानों की ट्रैक्टर परेड के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। कुछ किसानों ने लाल किले तक पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया था। लाल किले पर किसानों ने निशान साहिब फहरा दिया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने कई के खिलाफ मामले दर्ज कर कई को गिरफ्तार किया था और कई फरार चल रहे थे।

# कोरोना की दूसरी लहर में बदहाल अर्थव्यवस्था को मोदी सरकार का 1.1 लाख करोड़ का बूस्टर डोज

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राहत पैकेज का एलान किया

**नई दिल्ली (ए)।** देश में कोरोना की दूसरी लहर ने अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ कर रख दी है। इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को राहत पैकेज का एलान किया। इससे कोरोना की मार से बेहाल अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुल 8 उपायों का ऐलान हो रहा हैं, इसमें से 4 उपाय बिल्कुल नए हैं। इसमें हेल्थ से जुड़ा एक नया राहत पैकेज भी शामिल है। सरकार ने 1.1 लाख करोड़ रुपये का फंड क्रेडिट गारंटी योजना के लिए आवंटित किया है। कोविड से प्रभावित क्षेत्रों को इससे मदद मिलेगी। 8 महानगरों को छोड़कर दूसरे शहरों में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सरकार 50,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके लिए मोदी सरकार कम ब्याज दर पर लोन देगी। स्कीम के तहत 100 करोड़ रुपये का अधिकतम लोन होगा। इस लोन पर मोदी सरकार की गारंटी होगी।



पिछले साल भी सरकार ने कोरोना की पहली लहर के बाद क्रेडिट गारंटी योजना का एलान किया था। इस बार ईसीएलजीएस स्कीम के तहत 1.5 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त लोन का प्रावधान किया गया है। क्रेडिट गारंटी स्कीम से 25 लाख छोटे उद्यमियों को इसका फायदा मिलेगा। इसमें ब्याज की दर एमसीएलआर प्लस 2 फीसदी होगा। इसकी समय अवधि अधिकतम 3 साल की होगी। इसका लाभ 31 मार्च 2022 तक उठाया जा सकता है। पर्यटन के क्षेत्र के लिए भी मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत टूरिस्ट गाइड और इस तरह के दूसरे के लोगों के लिए मदद मिलेगी। इसका लाभ 11000 टूरिस्ट गाइड को इसका लाभ मिलेगा। एक लाख रुपये तक की सहायता टूरिस्ट गाइड को दी जाएगी। टूरिस्ट एजेंसी को 10 लाख रुपये तक की मदद दी जाएगी। भारत आने वाले पहले 5 लाख टूरिस्ट को वीजा शुल्क नहीं देना पड़ेगा। 1.93 लाख पर्यटक 2019 में भारत आए। इसके बाद टूरिस्ट औसतन 21 दिन भारत में रुकता है। वह प्रतिदिन औसतन 2400 रुपये खर्च करता है। यह स्कीम अगले साल 31 मार्च तक जारी रहेगी। इस पर कुल 100 करोड़ रुपये खर्च होगा। आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना का मकसद नए रोजगार का सृजन करना था। यह स्कीम 30 जून 2021 तक थी। अब इस योजना की अवधि अगले साल 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है। इस योजना के तहत नियोक्ता और कर्मचारी के हिस्से का पीएफ योगदान सरकार करती है। कृषि के लिए रबी सीजन 2021-22 432.48 लाख टन गेहूं की खरीद हुई है। इसके अलावा न्यूट्रिएंट आधारित सब्सिडी को 42,275 करोड़ रुपये किया गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत पिछले साल गेहूं, चावल और चना दिया गया था। इस साल भी कोरोना की दूसरी लहर को देखकर स्कीम की अवधि इस साल नवंबर तक बढ़ाई जा रही है। इस पर 93869 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। बच्चों के लिए अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए मोदी सरकार बड़ा निवेश करेगी। इसके लिए 23220 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# दिल्ली की फर्म ने भेजे 65 लाख के घटिया सेनिटरी पैड

### जन-औषधि केंद्र प्रबंधन की शिकायत पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**भोपाल (ए)।** देश की राजधानी दिल्ली की एक फर्म ने 65 लाख रुपए कीमत के घटिया सेनिटरी पैड भेज दिए हैं। इस मामले में जन-औषधि केंद्र प्रबंधन की शिकायत पर बागसेवनिया थाना पुलिस ने फर्म के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फर्म ने 65 लाख रुपये में सेनिटरी पैड की सप्लाई करने का ठेका लिया था। इसके बाद घटिया किस्म के सेनिटरी पैड भेज दिए। शिकायत की जांच के बाद कंपनी के तीन कर्ताधर्ताओं के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत का



केस दर्ज कर लिया है। बागसेवनिया थाना पुलिस के मुताबिक दुर्गेश नारायण गौतम विद्यानगर स्थित भारतीय जन-औषधि केंद्र के पदाधिकारी हैं। संस्था सस्ती दर पर औषधियां उपलब्ध कराती है। दुर्गेश नारायण ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया है कि जन-औषधि केंद्र ने जून 2019 में सेनिटरी पैड खरीदने के लिए पैंसठ लाख रुपए का टेंडर निकाला था। दिल्ली की सूर्य हाईजीन नाम की कंपनी को इसका ठेका मिला था। कंपनी संचालक श्रुति बंसल, युद्धवीर आनंद और वैभव गर्ग के साथ दुर्गेश नारायण ने अनुबंध किया था। अनुबंध के अनुसार कंपनी माल ने माल भेजना शुरू कर दिया। करीब 34 लाख रुपए का माल सप्लाई होने के बाद देखा गया कि सेनिटरी पैड की गुणवत्ता ठीक नहीं है। संदेह होने पर जन-औषधि केंद्र ने अनुबंध के समय कंपनी द्वारा भेजी गई गुणवत्ता संबंधी रिपोर्ट की जांच कराई। वह रिपोर्ट फर्जी निकली। इतना ही नहीं, जो सेनिटरी पैड सूर्य हाईजीन कंपनी के संचालकों ने अपनी फैक्ट्री में तैयार करना बताया, वह चीन से मंगाया गया था।

### कच्चे तेल की कम कीमत का फायदा देश को क्यों नहींः प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार से पेट्रोल और डीजल के लगातार महंगे हो रहे दामों को लेकर सवाल पूछे हैं। प्रियंका ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के समय जनता को दी जा रही राहत का हवाला देते हुए भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को घेरने की कोशिश की है। प्रियंका ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम हैं, तो भी देशवासियों को इसका फायदा क्यों नहीं दिया गया है? क्या 2014 से अब तक टैक्स वसूली में 300 फीसदी से ज्यादा की बढ़त जायज है। केंद्र सरकार ने 7 सालों में पेट्रोलियम पदार्थों पर टैक्स से 21.5 लाख करोड़ रुपये वसूले हैं। लेकिन बदले में मध्य वर्ग, गरीब तबके और व्यापारी वर्ग को क्या मिला है? प्रियंका ने कहा, संकट काल में भी देशवासियों से पेट्रोल-डीजल पर टैक्स के रूप में लगभग 4 लाख करोड़ रुपये वसूले गए। बुरी आर्थिक स्थिति में देशवासियों को राहत

## अग्नि प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण, भारतीय मिसाइल बेड़े में जुड़ी एक और उपलब्धि

### एक हजार से दो हजार किलोमीटर तक की है इस नए मिसाइल की रेंज

### मिसाइल में अग्नि 4 और अग्नि 5 की खूबियों को किया गया है शामिल



**चांदीपुर(ए)।** अग्नि सीरीज की आधुनिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण कर लिया गया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरजीओ) के विकसित न्यूक्लिअर क्षमता वाले मिसाइल का ओडिशा के चांदीपुर तट पर परीक्षण किया गया। वैज्ञानिकों के अनुसार इस नए मिसाइल की रेंज एक हजार से दो हजार किलोमीटर तक की है। सोमवार को दिन में 10 बजकर 55 मिनट पर अग्नि प्राइम मिसाइल का परीक्षण किया गया। रक्षा क्षेत्र में इस मिसाइल का परीक्षण मील का पत्थर साबित होगा। प्राप्त जानकरी के अनुसार इस मिसाइल में अग्नि 4 और अग्नि 5 मिसाइल की खूबियों को शामिल किया गया था। डबल स्टेज अग्नि प्राइम को सड़क और लॉन्चर दोनों ही जगहों से फायर किया जा सकता है। भारत पिछले 3 दशकों के दौरान अग्नि रेंज की पांच मिसाइल विकसित कर चुका है। अग्नि प्राइम इसी अग्नि रेंज की नई और आधुनिक मिसाइल है।

# मप्र में 1 जुलाई से नहीं खुलेंगे स्कूल




### ऑनलाइन और टीवी के जरिए जारी रहेगी पढ़ाई

### स्कूल-कॉलेज और कोचिंग के लोगों का 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन अनिवार्य; एडमिशन होते रहेंगे, बच्चों को नहीं बुलाया जाएगा

**भोपाल।** मप्र में फिलहाल 1 जुलाई से स्कूल नहीं खुलेंगे। कोरोना के हालात को देखते हुए सरकार ने एहतियात के तौर पर ये फैसला किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान किया है कि मप्र में 1 जुलाई से स्कूल नहीं खुलेंगे। तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए अभी स्कूल बंद रखने का फैसला किया गया है। पहले की तरह ऑनलाइन और टीवी के जरिए पढ़ाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को हुई मंत्री समूह की बैठक में कहा बच्चों को कोरोना की तीसरी लहर से बचाने के लिए स्कूल बंद रखना जरूरी है। इसलिए अभी प्रदेश में 1 जुलाई से स्कूल नहीं खुलेंगे। आगे स्कूल कब खुलेगा इस बारे में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों, स्कूल शिक्षा से संबंधित केंद्रीय मंत्रियों से चर्चा करेंगे। सबसे सलाह करने के बाद ही प्रदेश में स्कूल खोलने का निर्णय लिया जाएगा।

**ऑनलाइन और टीवी से जारी रहेगी पढ़ाईः** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्री समूह की बैठक में कहा स्कूलों में फिलहाल बीते साल की तरह ही ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। ऑनलाइन और टीवी के माध्यम से ही स्टूडेंट्स की पढ़ाई कराई जाएगी। व्हाट्सएप के माध्यम से पाठ्यपुस्तक के आधार पर वर्कशीट छात्र छात्राओं को उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षण संस्थानों को शुरू करने के लिए 100 प्रतिशत टीकाकरण और कोविड गाइडलाइन का पालन जरूरी है। मध्यप्रदेश में शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने मंत्री समूह ने प्रेजेंटेशन दिया।

# लद्दाख में जल्द शुरू होगी राजनीतिक प्रक्रिया, सीमा पर ढ़ांचागत विकास में बीआरओ का योगदान अहम : राजनाथ

### रक्षामंत्री ने बीआरओ की 63 पुलों और सड़कों का किया उद्घाटन

**लद्दाख (ए)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित 63 बुनियादी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिन सड़कों का निर्माण बीआरओ कर रहे हैं, वह देश की विकास की गति को बढ़ाने वाले हैं। राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर 63 पुलों और सड़कों का लोकापर्ण किया। इस दौरान उन्होंने बीआरओ की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा राष्ट्र में सड़कों, राजमार्गों और पुलों का निर्माण नहीं हो तो राष्ट्र का विकास किसी भी सूरत में संभव नहीं है और न ही राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है। क्षेत्र में ढ़ांचागत सुविधाएं उपलब्ध कराने में बीआरओ ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा क्षेत्र को केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद आतंकवादी गतिविधियों में कमी आई है। यहां निवेश लाने और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए केंद्र द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा सेना द्वारा आतंकवादियों को आत्मसमर्पण किए जाने का अवसर दिया जाता है, सेना और सुरक्षाकर्मियों की संवेदनशीलता का इससे बड़ा उदाहरण नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि पांच सालों तक मैं देश का गृहमंत्री रहा। कश्मीर और लद्दाख भी जाना होता था और मैं यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह से वाकिफ हूं। उन्होंने कहा कि 2019 की तुलना में 2020 में आतंकवादियों गतिविधियों में कमी आई है। केंद्र शासित प्रदेश बनाने से पहले हमारा उद्देश्य था कि अमन के हालात पैदा होने चाहिए और यहां किसी को भय नहीं होना चाहिए। साथ-ही-साथ सभी को रोजगार मिलने चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद हमारी सरकार ने रोजगार की दिशा में काफी काम किया है। इस दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राजनीतिक प्रक्रिया शुरू हो।

## प्रदेश की लगभग 1.75 करोड़ आबादी को कोविड-19 सुरक्षा टीका लगाः चौहान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अभी तक प्रदेश की लगभग 1.75 करोड़ आबादी को कोविड-19 रोधी टीका लगाकर उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान किया जा चुका है। अब तक प्रदेश की लगभग पौने दो करोड़ आबादी को टीका लगाया जा चुका है। इनमें से स्वास्थ्य कर्मचारियों और अग्रिम मोर्चे के 10.24 लाख कर्मचारियों को टीके की पहली खुराक और 67,030 को दूसरी खुराक मिल चुकी है। इस प्रकार 18 से 44 वर्ष के 83.30 लाख लोगों को पहली खुराक और



13.95 लाख को दूसरी खुराक मिल चुकी है। वहीं 45 वर्ष से अधिक आयु के 80.90 लाख लोगों को पहली खुराक और 15.44 लाख लोगों को टीके की दूसरी खुराक मिल चुकी है।चौहान ने बताया कि प्रदेश में टीकाकरण का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और सहयोग से टीकाकरण में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी राज्य बना है।देश में एक साथ 21 जून को 86 लाख से अधिक लोगों ने टीके लगवाए। इस दिन मध्यप्रदेश में 16 लाख से अधिक लोगों को टीके लगाए गये। अन्य राज्यों की अपेक्षा मध्यप्रदेश की टीकाकरण में लगभग 20 प्रतिशत भागीदारी रही और यह प्रदेशवासियों के दृढ़संकल्प और कर्मचारियों की कार्य-कुशलता का नतीजा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रदेश सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

### कोरोना में 152 पुलिसकर्मी शहीद, सिर्फ 7 को ही दिया 50 लाख मुआवजा

**भोपाल।** कोरोना महामारी के दौरान मध्य प्रदेश पुलिस दूसरे विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ ड्यूटी पर रहे। सड़क से अस्पतालों तक तैनाती के दौरान कोरोना संक्रमित हुए कई पुलिसकर्मियों की जान चली गई। पुलिस कर्मियों के साथ सरकारी विभागों के लिए सरकार ने ड्यूटी के दौरान कोरोना से शहीद होने वाले अधिकारी कर्मचारियों को 50 लाख का मुआवजा दिया जाना था, लेकिन सैकड़ों पुलिसकर्मी शहीद हो गये, जिनमें से सिर्फ 7 को मुआवजा दिया गया। इस मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार की मंशा पर सवाल उठा दिए हैं।

इस मामले पर शिवराज सरकार को घेरते हुए कमलनाथ ने ट्वीट करके कहा है कि प्रदेश में कोरोना महामारी के दौरान ड्यूटी निभाते



हुए 152 पुलिसकर्मी शहीद हो गए, लेकिन सिर्फ 7 पुलिसकर्मियों के परिजनों को ही मुख्यमंत्री कोरोना योद्धा कल्याण योजना से 50 लाख मुआवजा दिया गया। ऐसा भेदभाव गलत है सभी को मुआवजा दिया जाए।

### इसलिए नहीं मिल रहा मुआवजा

दरअसल, कोरोना की वजह से मौत होने पर ही इस योजना का फायदा मृतक के परिवार को मिल रहा है। जिन पुलिसकर्मियों की मौत हुई है और उनके परिजनों को मुआवजा नहीं मिला है उनके पास कोरोना की वजह से मौत होने का कोई भी दस्तावेज मौजूद नहीं है। जिन अस्पतालों में उनकी मौत हुई है वहां से उन्हें कोरोना से मौत होने का सर्टिफिकेट नहीं दिया गया। इस मामले में डॉक्टरों ने जो मौत की वजह बताई वह अलग-अलग कारणों से बताई है। इन दस्तावेजों में कोरोना की वजह से मौत होने का जिक्र नहीं है। यही कारण है कि सरकार इस योजना के तहत पुलिस कर्मियों के साथ दूसरे विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को मुआवजा नहीं दे रही है। इस योजना का लाभ नहीं मिलने के कारण कई पुलिसकर्मियों के परिवार अब

# अंग्रेज़ों को धूल चटानेवाले शूरवीर महादजी सिंधिया

## शुरवीर महाराज महादजी सिंधिया जी को शत शत नमन विजय शर्मा विशेष आमंत्रित सदस्य मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी

शिवपुरी। 31 दिसंबर 1778 को ब्रिटिश और मराठा सेनाओं के बीच एक भयंकर युद्ध हुआ था। महादजी ने इस युद्ध में उन्नत हथियारों और रॉकेटों का उपयोग किया। इनमें से एक रॉकेट ने ब्रिटिश सैनिकों के लेफ्टिनेंट कर्नल के को मार दिया। एक महीने तक लड़ने के बाद महादजी सिंधिया ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना को हरा दिया और उनके कमांडर कप्तान जेम्स स्टुअर्ट 4 जनवरी 1779 को मराठों के साथ लड़ाई में कार्ला नामक स्थान पर मारे गए। गवर्नर जनरल ने कर्नल एगार्टन को अपनी सेना के साथ पीछे हटने का आदेश दिया। एगर्टन युद्ध में गंभीर रूप से घायल हो गए और 6 जनवरी 1779 को भयभीत एगर्टन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अंग्रेजी सेना 8 जनवरी को वाडगांव में पीछे हट गई। 2000 तोपों और अन्य सामग्रियों को मराठों ने युद्ध लूट के रूप में ले लिया। केवल 2130 ब्रिटिश सैनिक सैनिक बचे थे। 9 जनवरी 1779 को ईस्ट इंडिया कंपनी बॉम्बे सेना तालेगांव पहुंची। 11 जनवरी को कॉमपनी ने पूना समिति को पूना की ओर बढ़ने का आदेश दिया। लेफ्टिनेंट विलियम फ्रेजर को घायल सैनिकों की मदद के लिए भेजा गया था। 12 जनवरी 1779 को मराठों ने फिर से ब्रिटिश सैनिकों को हराया। 13 जनवरी को लेफ्टिनेंट विलियम फ्रेजर ने कलकत्ता को एक संदेश भेजा कि पूरी ब्रिटिश सेना ने कई हताहतों को देखा है और लड़ाई में घायल हुए हैं। अंग्रेजों ने शांति की अपील की लेकिन महादजी उनसे नहीं मिले, उनके अधिकारियों ने इन अंग्रेज़ों को आदेश दिया कि वे राघोबा को वहां लाएं, तभी वह शांति के बारे में सोचेंगे। जल्द ही राघोबा को सिंधिया सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया गया। 15 जनाचरे पर ब्रिटिश होम्स का एक महत्वपूर्ण अधिकारी महादजी से मिलने आया, लेकिन उससे नहीं मिलना पसंद किया। श्री फोरमैन पूना में नाना फडनीस से मिलने आए लेकिन क्योंकि महादजी ने फडणीस को निर्देश दिया कि वे फोरमैन के साथ शर्तें तय न करें, यही उनका विशेषाधिकार है। मराठों ने ब्रिटिश अधिकारियों को एक हस्ताक्षरित और सीलबंद कोरा कागज लाने को कहा। मराठों द्वारा शांति की शर्तों में से एक उन सभी क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया गया था जो सवाई माधोराओ पेशवा की मृत्यु के बाद मराठों को वापस करने होंगे। फोरमैन ने इन प्रस्तावों को समिति के सामने रखा लेकिन उन्होंने इसे अनदेखा करते हुए कहा कि उनके पास ऐसा करने का अधिकार नहीं है। महादजी ने अंग्रेजों से पूछा, ÷हमें फिर दिखाओ÷, महादजी सिंधिया ने कहा, जब उनके सामने समिति का जवाब रखा गया था, ÷हमें वह शक्ति दिखाएं जिसके द्वारा आप कर्नल उप्टन द्वारा संपन्न संधि को तोड़ने के लिए आप पर ले गए हैं÷। 17 जनवरी 1779 को, वाडगाँव की संधि तैयार की गई थी, संधि की शर्तें थीं, 1. राघोबा को पेशवा की कमान में लाया जाएगा, पूना दरबार के खिलाफ अंग्रेजों द्वारा उन्हें कोई मदद नहीं की जाएगी। 2. सवाई माधोराओ पेशवा की मृत्यु के बाद अंग्रेजों के कब्जे वाले सभी क्षेत्रों को मराठों को वापस करना होगा। 3. कलकत्ता से आने वाली अंग्रेजों की बंगाल की सेना को बॉम्बे से जनरल गोडार्ड को एक आदेश भेजकर पीछे हटने के लिए बनाया जाएगा। विलियम फार्मर और चार्ल्स स्टुअर्ट को मराठों के साथ सुरक्षा के रूप में रखा जाएगा जब तक कि ब्रिटिश संधि के सभी उल्लिखित शर्तों को लागू नहीं करते। राघोबा को 18 जनवरी को अपनी सेना के साथ आत्मसमर्पण करने के लिए बनाया गया था, पृथ्वी की भूख, शुद्ध और सरल, मराठा राजनीति के साथ अंग्रेजी सेना का एकमात्र ध्यान था। मराठों ने उन्हें कोई अपराध नहीं दिया था, उन्होंने उनके (ईस्ट इंडिया कंपनी के) क्षेत्रों पर कोई घुसपैठ नहीं की थी। उनका एकमात्र अपराध यह था कि उनके पास कुछ स्थान थे, जो अंग्रेजों द्वारा उत्सुकता से प्रतिष्ठित थे। जनरल गोडार्ड की सेना को संधि की शर्तों के अनुसार वापस नहीं भेजा गया था, उसे भोपाल हयात मोहम्मद खान के नवाब से भी मदद मिली थी, जिसका राजवंश पिछले 50 दशकों से सिंधिया शासन के अधीन था। वारेन हेस्टिंग्स ने बरार के मुधोजी भोंसले को महाराष्ट्र का राजा घोषित किया, जिसके लिए उन्होंने अंग्रेजों का भरपूर साथ दिया। महादजी मुधोजी की सेना, निजाम की सेना, हैदर अली की सेना और पेशवा की सेना का एक गठबंधन स्थापित करना चाहते थे ताकि अंग्रेजों को हराया जा सके। जब तक महादजी जीवित थे तब तक ब्रिटिश सत्ता पराजित हो गई थी और उनका औपनिवेशिक विस्तार रुक गया था।




## लाखों पोस्टकार्ड भेजकर की पुरानी पेंशन बहाली की मांग: जनक सिंह रावत



शिवपुरी। न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत प्रांतअध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी महिला मोर्चा प्रांत अध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव के आव्हान पर प्रदेश में लगभग 6 लाख पोस्टकार्ड भेजकर पुरानी पेंशन की मांग की गई संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि प्रदेश व्यापी अभियान के तहत 28 जून को माननीय मुख्यमंत्री महोदय माननीय राज्यपाल महोदय एवं माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय को प्रत्येक कर्मचारियों द्वारा तीन पोस्टकार्ड भेजकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई शिवपुरी जिले से भी हजारों पोस्टकार्ड कर्मचारियों द्वारा भेजें गए संगठन द्वारा कोविड 19 में धरातल पर आंदोलन नहीं किया जा सकता सोशल मीडिया के माध्यम एवं पोस्टकार्ड के माध्यम से केंद्रीय कर्मचारियों की 2004 और राजकीय कर्मचारियों की 2005 से पुरानी पेंशन बंद कर दी गई है इस को पुनः बहाल करवाने हेतु संघ द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है और कर्मचारियों की आवाज को सरकार तक पहुंचाया जा रहा है।

## दैनिक नवनीत एक्सप्रेस समाचार पत्र के सुपुत्र नवनीत का बडे ही धूम धाम से मनाया गया जन्मदिवस

भोपाल, ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित होने वाला समाचार पत्र दैनिक नवनीत एक्सप्रेस के चहिते लाडले नवनीत का जन्मदिन बडे ही धूम धाम से मनाया गया और वही सहपाठी भाई एवं नाते रिस्तेदार व समस्त नवनीत एक्सप्रेस स्टॉफ के द्वारा शोशल मीडिया पर बधाइयों का तँता लगा रहा और वही शिवपुरी जिले के बरिष्ठ लोगो द्वारा लंबी आयु की कामना की



## थाली, शंख व घंटी बजाकर अध्यापकों व शिक्षकों ने किया विरोध

### वर्ष 2020 से प्रदेश के कर्मचारियों का डीए एवं इंक्रीमेंट बंद किये जाने पर विरोध प्रदर्शन




शिवपुरी। आजाद अध्यापक संघ की प्रदेशाध्यक्ष शिल्पी शिवान के आह्वान पर अध्यापकों व शिक्षकों ने थाली, शंख व घंटी बजाकर विरोध करते हुए प्रदेश के समस्त कर्मचारियों को डीए व इंक्रीमेंट बहाल करने की मांग सरकार से की है। आंदोलन के द्वितीय चरण में गत दिवस यह बिरोध प्रदर्शन अध्यापकों व शिक्षकों द्वारा अपने अपने घरों पर थाली, शंख व घंटी बजाकर किया गया। आजाद अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रिजवाना खान ने वताया कि प्रदेश के कर्मचारियों का वर्ष 2020 से डीए व इंक्रीमेंट बंद है जब्कि कोरोना महामारी के खिलाफ जंग में प्रदेश के समस्त विभागों के कर्मचारी अपनी जान की परवाह किये बिना कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहे हैं। ऐसे में उनके डीए व इंक्रीमेंट बंद किया जाना उचित नही है। मांगें पूरी होने तक अध्यापकों व शिक्षकों का यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। आंदोलन के लिए संगठन ने रविवार का दिन चुना है। आंदोलन के पहले चरण में कोरोना काल में दिवंगत हुए साथियों की स्मृति में कैंडल जलाकर विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार जनों को अनुकंपा व स्वत्वों का भुगतान शीघ्र किये जाने की मांग की गई थी। द्वितीय चरण में रविवार को थाली,शंख व घंटी बजाकर बिरोध प्रदर्शन किया गया। प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार सरैया व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष विपिन पचौरी, शासकीय अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष पवन अवस्थी, आजाद के जिला संयोजक केपी जैन, केदार वर्मा, कर्मचारी शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महावीर मुदगल, सतीश वर्मा व संभागीय अध्यक्ष अरविन्द सरैया, शासकीय सेवक सेतू भारत के जिलाध्यक्ष अमरदीप श्रीवास्तव ने वर्ष 2006 से नियुक्त अध्यापकों व नवीन शिक्षक संवर्ग के शिक्षकों को क्रमोन्नति देने, शेष शिक्षकों के एम्प्लाई कोड जारी करने, शिवपुरी जिले में समस्त नवीन शिक्षक संवर्ग को सातवे वेतनमान की द्वितीय किस्त शीघ्र भुगतान किये जाने एवं समस्त पात्र कर्मचारियों के प्रमोशन शीघ्र किये जाने की मांग सरकार से की है।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी का भाई-बहन ने अश्लील वीडियो बनाकर किया वायरल, केस दर्ज

शिवपुरी। नाबालिग से दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो वायरल करने पर कोतवाली पुलिस ने सगे भाई-बहन के खिलाफ रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। 17 साल 6 माह की नाबालिग ने परिजनों के साथ कोतवाली पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पी?ता का कहना है कि करीब दो माह पहले अभिषेक धाक? निवासी नवाब साहब रोड शिवपुरी ने उसके संग गलत काम किया और इसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। इस वीडियो के जरिए अभिषेक और उसकी बहन आए दिन ब्लैकमेल करने लगे। इसके बाद यह अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने अभिषेक सहित उसकी बहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

### मगरों से भरी झील चांदपाठा में गिरा प्रेमी, प्रेमिका के दुपट्टे से बचाई जान



शिवपुरी। शहर के भदैयाकुंड पर नशे की हालत में रविवार की सुबह प्रेमी युगल घूमने पहुंच गया। रैलिंग पर चलते वक्त प्रेमी मगरों से भरी चांदपाठा में गिर गया। समीप ही होटल के कर्मचारी दौ?कर आए और प्रेमिका दुपट्?टा लेकर प्रेमी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। होटल कर्मचारियों के अनुसार दोनों नशे की हालत में थे। नाम व पता पूछा तो झग?ने लगे और फिर वहां से चले गए। बता दें कि चांदपाठा (सांख्य सागर) झील में ब?ी मात्रा में मगरच्छ रहते हैं। गनीमत यह रही कि गिरते ही होटल के कर्मचारी पहुंच गए और बचा लिया।चांदपाठा झील में नशे में गिरे युवक को महिला दुपट्टा के सहारे निकालने के प्रयास करती हुई।

### महिला एस आई सहित दो घरो में चोरो का ग्रह प्रवेश- बाईक सहित एलसीडी गायब

शिवुपरी। शहर के फिजिकल थाना अंतर्गत फिजिकल कॉलेज के सामने बने दो सरकारी आवासो को बीती रात चोरो ने निशाना बना डाला। इनमे से एक आवास में महिला एसआई निवास करती हैं। चोर घरो से एक बाईक,एक एलसीडी और अन्य समान समेट ले गए।जानकारी अनुसार फिजिकल कॉलेज के सामने सरकारी आवास जी 5 और 9 में बीती रात अज्ञात चोरो ने चोरी की हैं। जी 5 में महिला पुलिस एसआई कोमल परिहार के घर से चोर कुछ बर्तन व अन्य समान समेटकर ले गए।वही जी 9 निवासी रिटायर कॉपरेटिव इस्पेक्टर सहकारिता विभाग रमेशचंद्र जैन के घर से बाईक व एलसीडी चोरी कर ले गए। महिला एसआई कोमल परिहार दिनारा थाने में पदस्थ हैं। फिजिकल पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### शिवपुरी मांगों को लेकर नर्सेस एसोसिएसन ने डीन को सौपा ज्ञापन, अध्यक्ष बोलीं मांगे नहीं मानी तो करेंगें अनिश्चितकालीन हडताल

शिवपुरी। नर्सेस एसोसिएसन द्वारा सोमवार को मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ अक्षय निगम को आवेदन सौंप कर कहा कि प्रदेश में कई बार शासन और प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से नर्सेस की लंबित मांगो को ले कर समय समय पर अवगत कराया है बावजूद आज दिनांक तक हम स्टाफ नर्स की मांगो पर विचार नही किया गया। जिला अध्यक्ष इरम सुल्ताना ने बताया कि कोविड -19 की महामारी में जो सबसे ज्यादा फ्रंटलाईन वर्कर के रूप मे उभर कर सामने आये है वह हमारी नर्सेस बहने है। अपनी जान की परवाह ना करते हुए उन्होने देश पर आये इस संकट की घडी में अपना पूरा योगदान दिया। इस दौरान कई संगठनो ने हम स्टाफ नर्सेस बहनों को सम्मानित भी किया।

# राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा ने किया ऑक्सीजन प्लांट का शिलान्यास






### मुख्यमंत्री चौहान, प्रभारी मंत्री यशोधरा राजे,राज्यसभा सांसद सिंधिया का जताया आभार




शिवपुरी । राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा के प्रयास से पोहरी क्षेत्र कोऑक्सीजन प्लांट की सौगात मिली है। यह प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, जिले की प्रभारी मंत्री यशोधरा राजे और राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की देन है कि आज पोहरी में ऑक्सीजन प्लांट बनने जा रहा है वह भी 45 लाख की बड़ी लागत से। प्लांट जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। उक्त उद्गार राज्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक सुरेश राठखेड़ा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोहरी में ऑक्सीजन गैस उत्पादन संयंत्र के लिए शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम में व्यक्त किये। ऑक्सीजन गैस उत्पादन संयंत्र हेतु शेड निर्माण लगभग 9.57 लाख की लागत से किया जाएगा। राज्यमंत्री सुरेश राठखेड़ा ने कहा कि मैं पहला धन्यवाद अस्पताल के छोटे स्टाफ से लेकर बड़े-बड़े डॉक्टर्स को देता हूं जिनका अपना परिवार होने के बावजूद भी उसकी चिंता न करते हुए वार्ड-वार्ड में घूमकर हमारे लिए काम किया, वहीं दूसरा धन्यवाद का पात्र वाकई में पुलिस विभाग है जिसने अपनी परवाह न करते हुए 24 घंटे हम लोगों की मदद की। इसके अलावा राज्यमंत्री श्री राठखेड़ा द्वारा मंच से दो एम्बुलेंस देने की घोषणा की जिसमें एक पोहरी व दूसरी बैराड़ के लिए मिलेगी। वहीं राज्यमंत्री श्री राठखेड़ा ने कहा कि क्षेत्र की सबसे बड़ी जनहितैषी योजना सरकुला डेम परियोजना अवश्य पूर्ण होगी, आप अफवाहों पर ध्यान न दें। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि सरकुला डेम को हर हाल में पूर्ण कराया जाएगा और जनता को उसका लाभ भी मिलेगा। इस मौके पर अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्टाफ मौजूद रहा

## गुर्जर समाज के छात्रावास निर्माण का हुआ भूमिपूजन



शिवपुरी। गुर्जर समाज विकास समिति शिवपुरी के द्वारा आज गुर्जर समाज के छात्रावास निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम नोहरी के पास ए. वी. रोड हाईवे पर किया गया जिसमें समाज के अध्यक्ष सरवन सिंह गुर्जर द्वारा छात्रावास निर्माण कार्य का उनके द्वारा भूमि पूजन किया गया उनके द्वारा बताया गया कि यह गुर्जर छात्रावास 2 बीघा जमीन में बनाया जाएगा अभी एक बड़ा हॉल बनकर कुछ ही दिनों में तैयार किया जाएगा जिससे समाज के कार्यक्रमों करने के लिए जगह मिल जाएगी इसके बाद आगे का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा यह छात्रावास ग्वालियर चंबल संभाग में पहला छात्रावास वनकर तैयार होगा जो इतनी बड़ी जगह में बनाया जा रहा है जिसका लाभ गुर्जर समाज के छात्र छात्राओं को जल्द से जल्द मिल सकेगा इस भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर समिति के अध्यक्ष सरवन सिंह गुर्जर, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी बी.एस. गुर्जर, कुलदीप सिंह सहायकयंत्री एमपीपीईबी, लक्ष्मण सिंह, मुंशीसिंह, अवतार सिंह, अमर सिंह कोटिया,कप्तान सिंह, डॉ मुकेश गुर्जर, बल्लू सिंह लक्ष्मण सिंह, फतेह सिंह, धर्मेंद्र गुर्जर,दिलीप सिंह,अरविंद सिंह, आदि गुर्जर समाज के लोग इस छात्रावास निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

# पेट्रोल डीजल मूल्य वृद्धि के विरोध में ट्रकों में लगाए काले झण्डे, जताया विरोध

शिवपुरी। बढ़ रहे पेट्रोल-डीजल की मूल्यववृद्धि के विरोध में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के बैनर तले सोमवार को प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन किया गया। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस मध्यप्रदेश शाखा शिवपुरी के जिलाध्यक्ष सूबेदार सिंह कुशवाह मुन्नाराजा व उपाध्यक्ष अब्दुल रफीक खान अप्पल के नेतृत्व में सोमवार को यह प्रदर्शन शहर के गुना वायपास पर किया गया जहां एबी रोड़ से गुजर रहे लोकल ट्रक एवं भारी वाहनों पर काले झण्डे लगाकर पेट्रोल-डीजल मूल्यवृद्धि का विरोध संपूर्ण प्रदेश भर की भांति किया गया। इस दौरान उपस्थितजनों के द्वारा जमकर प्रदेश और केन्द्र सरकार को ट्रक ऑपरेटर, ट्रक ऑनर और लोकल ट्रक एवं ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मिलकर शहर के गुना वायपास से निकल रहे ट्रकों को रोक-रोककर उनमें काले झण्डे लगाए और इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाया।

इसके साथ ही अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने अपनी समस्याओं के संदर्भ में एक ज्ञापन भी कलेक्ट्रेट पहुंचकर संगठन के अध्यक्ष सूबेदार सिंह कुशवाह मुन्नाराजा, उपाध्यक्ष अब्दुल रफीक खान अप्पल, शाहिद खान,मुकेश शुक्ला व ह्रदेश सचदेवा गोलू आदि ने मिलकर डिप्टी कलेक्टर मनोज गरवाल को सौंपा गया। इस ज्ञापन के साथ ही ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की मांग रही कि पेट्रोल डीजल मूल्यवृद्धि वापिस ली जाए, वैट टैक्स कम किया जाएगा।

पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाए साथ ही एक समान पूरे देश में पेट्रोल-डीजल के मूल्य घोषित हो, इस तरह अपनी इन मांगों को लेकर देश के प्रधानमंत्री के नाम यह ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुकेश राठौर, विवेक सिंघल, मुन्ना रावत, समीर, शिवचरण मौर्य, कल्लू शिवहरे, हरि शिवहरे, सलीम खान, ओली बेग मिर्जा, महेश शिवहरे, फारूख खान, रामस्वरूप मौर्य, वशीर शाह, सुशील सेन, सत्तार खान, जगदीश खत्री, सुरेश शर्मा, पवन शिवहरे, रज्जाक एडवोकेट, सुरेश धाकड़ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे जिन्होंने आज विरोध प्रदर्शन में भाग लिया और केन्द्र व राज्य सरकार से पेट्रोल-डीजल मूल्यवृद्धि में वापिसी की मांग की।



# जैन समाज मुरेना की परिचय पुस्तिका का विमोचन सम्पन्न!



मुरेना। जैसवाल जैन समाज मुरेना की परिवार परिचय पुस्तिका* का विमोचन एक भव्य समारोह में सम्पन्न हुआ ।श्रमण सेवा समूह के संयोजक मनोज जैन नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि जैसवाल जैन समाज मुरेना की सम्पूर्ण पारिवारिक विवरण से समायोजित परिवार परिचय पुस्तिका÷ का विमोचन एक भव्य समारोह में आचार्य श्री ज्ञानसागर सेवासदन मुरेना में सम्पन्न हुआ ।

समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमान जिनेश जी जैन-पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका अम्बाह, सभापति श्री प्रेमचंद जी जैन (वंदना सा?ी) एवं श्री कैलाशचंद्र जी जैन (मोना जनरेटर), विशिष्ठ अथिति श्रीमान योगेश जी जैन-अध्यक्ष, सोनागिर जी, श्रीमान अनिल जी जैन उपाध्यक्ष सोनागिर जी, श्रीमान डॉ. ओमप्रकाश जी जैन-मुरार, वात्सल्य समूह शिवपुरी के अध्यक्ष श्री दिनेश जी जैन, मंत्री श्री संजीव जी जैन, श्री सुनील जैन बन्धु आगरा, श्री महेश जी जैन विकल, विद्यालय के मंत्री श्री पवन जी जैन, अतिशय क्षेत्र सिहोनियाँ जी के संरक्षक श्री आशीष जैन सोनू, अध्यक्ष टिल्लू जैन, मंत्री विवेक जी जैन, अतिशय क्षेत्र टिकटोली के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जी भण्डारी, जैन समाज मुरेना के मंत्री श्री धर्मेंद्र जी जैन एडवोकेट, पुस्तिका के प्रधान संपादक मनोज जैन नायक ने स्थानीय समाज के गणमान्य वुजुर्गो के साथ परिवार परिचय पुस्तिका का विमोचन किया ।

समारोह के दौरान समस्त मंचासीन अथतियों को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर श्रमण सेवा समूह द्वारा सम्मानित किया गया ।

समारोह के प्रारम्भ में श्री पदमचंद जैन चोधरी ने मंगलाचरण एवं चित्र अनावरण-दीप प्रज्ज्वलन समस्त अथितियो द्वारा किया गया । समारोह के समापन पर मनोज जैन नायक ने आभार व्यक्त किया । मंच संचालन श्री अनिल जी जैन व्याख्याता द्वारा किया गया ।

समारोह में सर्वश्री जयचंद जी, नत्थीलाल जी, सुरेशचंद्र जी, टीकाराम जी रमाशंकर जी, बाबूलाल जी, भागचंद जी, सुमेदीलाल जी, महेमन्त जी, गेंदालाल जी, मनोज जैन जी, श्रमण सेवा समूह परिवार के ब्रजेश जैन दादा, दिनेशचंद, अतुल जैन, मनोज कलकत्ता, संजू जैन, अनिल जैन, अभिषेक जैन टीटू, सोनू जैन, विक्की जैन, सुरेश बाबूजी, अजय जैन, ब्रजेश हप्पू, मुकेश जैन पप्पू, प्रवीण जैन पिंचू, पारस जैन, विमल जैन सहित सैक?ों की संख्या में साधर्मी बन्धु उपस्थित थे।

# अखंड राष्ट्रीय हिंदू सेना ने बैठक कर जरूरतमंदों की सेवा का लिया संकल्प



अम्बाह। आज पुरानी उसैथ गांव स्थित भुमिया बाबा के मंदिर पर अखंड राष्टीय हिन्दू सेना मध्यप्रदेश इकाई की अहम मीटिंग आयोजित की गई बैठक में इलाके में संगठन के विस्तार और नियुक्ति पर विशेष चर्चा हुई।

इस अवसर पर संगठन मंत्री चम्बल संभाग दीपक तोमर उसैथ ने कार्यकर्ताओं को संगठन का उद्देश्य समझाते हुए राष्ट की एकता के प्रति कार्य करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि विश्व कल्याणकारी सनातन धर्म के प्रति लोगों में विश्वास और श्रध्दा ब? इसके लिए हमें लोगों को सनातन धर्म के सिद्धांतों से अवगत कराना है उन्होंने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ता इस कोरोना काल में समाज के गरीब तबके की मदद करने के साथ साथ लोगों को सरकार से मिल रही योजनाओ का लाभ दिलाये इसके साथ ही जन समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करे और हर क्षेत्र में लोगों के काम में सहभागी बनना अपना प्रमुख उद्देश्य रखे दीपक तोमर ने कहा कि

लोगों की समस्या अगर हमारे सामने आती है तो हम उसका निराकरण करने के लिए हर समय उपलब्ध है। इस अवसर पर भुमिया बाबा मन्दिर पर पूजा अर्चना भी की गई देवस्थान के पुजारी लला बाबा ने सबको शांति की राह पर चलने की शपथ दिलाई इस अवसर पर दीपक तोमर उसैथ, मुकेश तोमर उसैथ, पवन तोमर उसैथ,विपिन तोमर, रेनू तोमर, जगबीर सिंह बघेल, यशपाल सिंह तोमर (कबाड़ी), मनोहर सिंह, अक्षय शाक्य, आशू शर्मा, गौरव शर्मा, रंजीत सिंह फौजी, आशीष सिंह तोमर, अरविंद तोमर, अंकुल, निर्भय सिंह, संजय सिंह, अमर सिंह, गुड्डू सिंह तोमर, तांती निषाद, राजेश तोमर सहित अनेक लोग मौजूद थे सबका स्वागत संगठन की पट्टी उड़ा कर किया गया।

# कोरोना से मृत हुये लोगों को रोटरी क्लब ने श्रद्धांजलि अर्पित की



अम्बाह। कोरोना काल के दौरान जिन परिवारों ने अपने अपने घर के चिराग को खोया है उन मृतक लोगो श्रद्धा सुमन अर्पित करने रोटरी क्लब अंबाह द्वारा आज सामूहिक रूप से कैप्टन वीर नारायण पार्क अंबाह में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई इस अवसर पर बीआरसी अंबाह बिंदुसार सिंह तोमर ने कहा कि हमारा यह शरीर पांच तत्वों से बना हुआ है इसलिए इस शरीर को हमेशा धरती माता की मिट्टी से जोड़ कर रखना चाहिए रोटरी क्लब अम्बाह अध्यक्ष अंकित मिश्रा ने कहा हमें यह सबक लेना चाहिए कि इस महामारी में ऑक्सीजन के लिए जो मारामारी हुई उसके चलते हमे पर्यावरण का भी ध्यान रखना चाहिए और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण शुद्ध हो सके इस अवसर पर अधिक से अधिक पे? लगाने के लिए भी लोगों से अपील की गई साथ में ही पोरसा से आए विक्रम सिंह सिकरवार व हरिओम शर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए कहा अभी यह महामारी गई नहीं है इसके लिए हमें सोशल डिस्टेंसिंग वह मास्क लगाते रहना चाहिए इस अवसर बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर, अम्बाह रोटरी अध्यक्ष अंकित मिश्रा, विवेक शर्मा, विकास शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, बृजकिशोर सखवार, राम बबलू तोमर, रवि शर्मा, राजेंद्र गोले सहित अन्य लोग मौजूद रहे और कोविड काल

## वैक्सीन लगने के 5 दिन बाद युवक की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

### प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने कहा पीएम रिपोर्ट के बाद होगी पुष्टि

मुरैना। जिले के बानमोर थाना क्षेत्र अंतर्गत सक्सेना पुरा मैं रहने वाले 28 वर्षीय युवक द्वारा 5 दिन पूर्व वैक्सीनेशन कराया गया था और उसके बाद तबीयत बिगड़ने पर ग्वालियर हॉस्पिटल में भर्ती रहा, जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि उनके पुत्र की मौत वैक्सीन के कारण हुई है और उसे कोई बीमारी नहीं थी। पीड़ित परिवार ने बानमोर में हंगामा करते हुए जाम लगाने का प्रयास किया लेकिन प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के पहुंचने तथा आश्वासन देने के बाद वह चले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय पुत्र वृंदावन जाटव उम्र 28 वर्ष निवासी सक्सेना पूरा ने 23 जून को बानमौर में वैक्सीनेशन कराया था और उसके बाद उसे बुखार आया तथा दवाइयां खाई, लेकिन तबीयत अधिक बिगड़ने पर उसे ग्वालियर अस्पताल ले जाया गया। जहां वह 4 दिन भर्ती रहा और सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता वृंदावन ने मीडिया को बताया कि उनके पुत्र को कोई बीमारी नहीं थी तथा वैक्सीनेशन के बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ी तथा उसकी मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने लाश को लाकर बानमौर में हाईवे पर जाम लगाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक तहसीलदार सर्वेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। तहसीलदार द्वारा मृतक परिवार को रेडक्रॉस सोसायटी से 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता एवं तत्काल 5 हजार रुपए देने की घोषणा की गई।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने पोरसा तहसीलदार को ज्ञापन देकर स्कूल खुलवाने की मांग की



पोरसा। आज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पोरसा की तरफ से कोरोनावायरस के चलते लगभग 18 महीने से विद्यालय बंद है जिससे विद्यालय संचालक एवं उस में कार्यरत स्टाफ भूखमरी के कगार पर हैं इसके अतिरिक्त देश का भविष्य है वह शिक्षा के अभाव में बर्बाद हो रहा है इसी समस्याओं को लेकर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पोरसा के तत्वाधान में आज तहसील कार्यालय जाकर तहसीलदार महोदय श्री नागोरिया जी को एक ज्ञापन दिया गया और साथ ही निवेदन किया गया की किसी निश्चित गाइडलाइन के तहत विद्यालय खुलवाने की कृपा करें जिससे उक्त समस्याएं हल हो सके। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पोरसा द्वारा स्कूल खुलवाने के लिए तहसीलदार राजकुमार नागौरिया को सौंपा ज्ञापन, मांगा आर्थिक पैकेज और स्कूल खोलने की अनुमति ,,,जिसमें के लगभग 50 स्कूल संचालक मौजूद रहे जिनमें ब्रजेश गोयल, राकेश गुप्ता, विक्रम सिंह सिकरवार, प्रदीप उपाध्याय, नत्थीलाल राठौर,अनुराग गुप्ता, प्रवीण शर्मा, गिर्राज शर्मा,रामकिशोर ओझा, हरिओम शर्मा, अंकित मिश्रा,आर एस गोले, केतन दुबे, सुरजीत तोमर,दिनेश शिवहरे,आदि स्कूल संचालक मौजूद रहे।

## वन-टू-वन

### घर में कलेश करने, अत्यधिक शराब पीने से ब्रिजेश ने लगाई फांसी

**जिला प्रशासन पूर्व से ही 5 माह का खाद्यान्न उपलब्ध करा चुका था**

मुरैना। सिहोनियां थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव में ब्रिजेश सखवार ने लगाई फांसी का कारण लॉकडाउन में धंधा बंद होना नहीं है, बल्कि पत्नि से झग?ा करना, पत्नि द्वारा मायके चले जाना, ब्रिजेश शराब पीने का आदि होने के कारण गृह कलेश से यह घटना हुई है। तहसील अम्बाह के नायब तहसीलदार ने एसडीएम अम्बाह को प्रस्तुत प्रतिवेदन में कहा है कि ब्रिजेश सखवार को 15 मई 2021 को तीन माह का राज्य शासन द्वारा प्रदाय किये जाना वाला खाद्यान्न और प्रधानमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत दिये गये खाद्यान्न को मिलाकर पांच माह का खाद्यान्न दिया जा चुका है। ब्रिजेश के पास खाद्यान्न की कोई कमी नहीं थी। मृतक ब्रिजेश के पिता स्वास्थ्य विभाग में कम्पाउन्डर के पद पर नौकरी करते थे, वर्तमान में सेवानिवृत्त होकर पेंशनधारी है एवं मृतक के साथ ही निवास करते है। ब्रिजेश अनुसूचित जाति का था, उसका स्वयं का संबल योजना में पंजीयन क्रमांक 1586899714 है। मृतक के पिता के नाम ग्राम मौजा भौनपुरा तहसील गोहद जिला भिण्ड में 5.790 हेक्टेयर जमीन है, जिससे 4/10 का यह हिस्सेदार है। कोल्हुआ के ग्राम वासियों ने बताया कि मृतक ब्रिजेश ने लगभग 1 वर्ष पूर्व ही कस्बा अम्बाह में अपने प्लॉट पर पक्क मकान निर्मित कराया है।

### महिलाओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया, मटका फोड़ आंदोलन की दी चेतावनी

कैलारस। नगर के अंतर्गत पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। कई बार आवेदन व ज्ञापन दिए गए हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नगर परिषद को अराजकता और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एकत्रित होकर महिलाओं ने पेयजल संकट के निदान के लिए उपयंत्री विनोद त्यागी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि नगर के पेयजल संकट के निदान के लिए खासतौर से वार्ड 7 एमडीएस पहाड़ी के हैंडपंप के बोर में हैंडपंप डलवाया जाए। उपरोक्त बस्ती में पेयजल सप्लाई का समय प्रातः काल किया जाए। इसके अलावा पुरानी सब्जी मंडी की पेयजल समस्या के निदान के लिए नहर पर बडा बोर खनन कराया जाए। साथ ही मुख्य बाजार वार्ड 1, 6 व 7 की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन के उपरांत उपयंत्री द्वारा समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। जनवादी महिला समिति की नैत्रियों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो मटका फोड़ आंदोलन किया जाएगा।

# शनिचरी अमावस्या पर इस बार मेला आयोजित नहीं होगा : केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर



मुरैना। केन्द्रीय मंत्री एवं मुरैना-श्योपुर के सांसद श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि कोविड को ध्यान में रखते हुये इस बाहर 10 जुलाई को शनिचरी अमावस्या पर मेले का आयोजन नहीं होगा। यह निर्णय सोमवार को जिला क्राइसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप के सदस्यों ने लिया है। यह बात उन्होंने गूगल मीट के माध्यम से बैठक को संबोधित करते हुये कही। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जौरा विधायक श्री सूबेदार सिंह रजौधा, मुरैना विधायक श्री राकेश मावई, कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक श्री ललित शाक्यवार, जिला सीईओ श्री रोशन कुमार सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्री अमरसत्य गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव कुमार जैन, श्री एलके पाण्डे सहित जिला स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप के सदस्य मौजूद थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 14 लाख 87 हजार 572 लोगों को वैक्सीनेशन का कार्य किया जाना है, जिसमें अभी तक 3 लाख 56 हजार 639 लोगों को वैक्सीनेशन का कार्य किया जा चुका है। प्रदेश सरकार द्वारा विशेष अभियान कोविड वैक्सीनेशन 30 जून 2021 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में अभी तक 90 हजार 384 लोंगों का वैक्सीनेशन किया गया है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगातार लगते रहे और कोविड प्रोटोकॉल का पालन कर लिया तो तीसरी लहर का सामना नहीं करना प?ेगा। अभी मालूम हुआ है कि कोविड की तीसरी लहर महाराष्ट्र में देखी जा रही है। वैक्सीनेशन जिले में तेजी से हो, इसके लिये विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचकर अंतिम छोर तक के व्यक्तियों प्रेरित करें।

केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि शनिचरी अमावस्या 10 जुलाई को प? रही है। यहां देश भर के लोग दर्शन के लिये आते है। आज की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुये हमें कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने की जरूरत है। जिसमें एक स्थान पर लाखों लोग एकत्रित हों, वे लोग अनेक राज्यों से आयेंगे, हो सकता है कि किसी में संक्रमण हो। जिससे हम सब क्राइसिस मैनेजमेन्ट के सदस्य यह निर्णय लेते है कि इस बार 10 जुलाई को शनि मेले का आयोजन नहीं होगा। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि इस अवसर पर किसी भी भंडारे की अनुमति नहीं दी जाये। प्रशासन द्वारा गर्मी को ध्यान में रखते हुये मंदिर परिसर के रास्ते पर पेयजल का प्रबंध करना सुनिश्चित करें।

## जनहित में बढ़े हुए बिजली बिल वापस ले विद्युत वितरण कंपनी: डॉक्टर तोमर

अम्बाह। मध्य प्रदेश जल उपभोक्ता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ राजवीर सिंह तोमर श्यामपुर खुर्द ने पत्र लिखकर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग करते हुए कहा है कि लॉकडाउन ने गरीब और मध्यमवर्गीय नागरिकों और किसानों की आर्थिक व्यवस्था खत्म करके रख दी है।ऐसे में किसान आमजन और छोटे व्यापारियों पर विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दोहरी मार की जा रही है।एक ओर जहां घरों के बिजली बिल काफी बढ़े हुए आये है तो वही दूसरी ओर लॉकडाउन अवधी में बंद रही दुकानों के बिजली बिल भी सेकड़ों रुपयों के आये है। ऐसे में आम नागरिक को इन बढ़े हुए बिजली बिलों ने दोहरी परेशानी में डाल दिया है डॉ राजवीर सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान काल में जब किसान परेशान हैं तब बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा बकाया वसूली के नाम पर ट्रांसफार्मर उतारे जा रहे हैं जिससे किसान अपने आप को अपमानित महसूस कर रहा है उन्होंने मांग की है कि अविलंब किसानों से बकाया राशि वसूलने की योजना स्थगित कर बकाया राशि किस्तों में जमा करने का प्रावधान बनाया जाए इसी तरह आम नागरिकों के बढ़े हुए बिजली बिल रीवाइज कर बढ़ी हुई राशि कम कर आमजन को अविलंभ राहत प्रदान करे, वही विद्युत वितरण कंपनी व्दारा जिन बन्द दुकानों के सेकड़ो रुपयों के बिल छोटे छोटे व्यापारियों को थमा दिए है उन्हें तुरंत माफ किया जाए श्री तोमर ने कहा कि ऐसे कठिन समय मे जनहित में इन बढ़े हुए बिजली बिलों को वापस लेने का निर्णय लेकर कोरोना काल मे आमजनों,किसानों ओर व्यापारियों को विद्युत वितरण कंपनी ओर मप्र सरकार राहत प्रदान करे।

# अतिक्रमण से बाजारों के हालात बिगड़े, आमजन ने कलेक्टर से की शिकायत

### सड़कें सकरी होने से लोगों का पैदल निकलना भी हुआ मुश्किल

मुरैना। शहर के प्रमुख बाजारों सहित अन्य स्थानों पर दुकानदारों एवं मकान मालिकों द्वारा किए गए बे-तहाशा अतिक्रमण के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और बाजारों में खरीदारी के लिए जाने वाले लोग परेशान हैं। शहर में कहीं भी पार्किंग ना होने से हालात और बिगड़ रहे हैं तथा पैदल निकलना भी दुश्वार होता जा रहा है। बाजारों में फैले अतिक्रमण को लेकर बाजार के लोगों ने सोमवार को जिला कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, नगर निगम आयुक्त को शिकायत कर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है।

बाजार में रहने वाले लोगों ने अब शहर में चारों ओर फैल रहे अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर को शिकायत की है। लोगों ने शिकायत में कहा है कि बेतहाशा अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग के कारण आमजन परेशान हो चुके हैं। शिकायत में बताया गया है कि शहर के मुख्य लोहिया बाजार, सदर बाजार, पंचायती धर्मशाला, सराफा बाजार, सब्जी मंडी, मारकंडेश्वर बाजार, पंसारी बाजार, शुक्रवारी बाजार, शंकर बाजार, हनुमान चौराहा, छोटी बजरिया आदि में दुकानदारों एवं मकान मालिकों द्वारा 3 से लेकर 10 फीट तक अतिक्रमण कर सड़कों को शकरा कर दिया है, जिस कारण पैदल राहगीर भी बाजारों में नहीं निकल पा रहे हैं। इसके अलावा एमएस रोड, गोपीनाथ की पुलिया मार्ग एवं शहर के अन्य मार्गों पर हालात खराब है। शहर में कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बने हुए हैं, लेकिन कहीं भी पार्किंग की सुविधा नहीं है। शहर में बेतहाशा अतिक्रमण आने वाले समय में लोगों के लिए नासूर बनते जा रहे हैं, इसलिए कलेक्टर को तत्काल इस ओर कार्यवाही कर अतिक्रमण को हटाना चाहिए, जिससे बाजारों में सड़कें चौड़ी हो सके और सफाई व्यवस्था भी दिखाई दे तथा शहर के बाजार स्वच्छ व सुंदर दिखाई दे।



### गलत पार्किंग करने वालों पर कार्यवाही का अभाव

शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण तो एक समस्या है ही, इसके अलावा लोगों द्वारा बाजारों में चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों को गलत तरीके से सड़कों पर पार्क कर दिया जाता है, जिससे सड़कों पर जाम लग जाता है और लोगों को निकलने में परेशानी होती है। जब कोई विरोध करता है, तो दबंग लोग लड़ने पर उतारू हो जाते हैं। शहर में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, जिस कारण बाजारों में जाम के हालात बने हुए हैं। इस पर पुलिस महकमे द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही और लंबे समय से हुई भी नहीं है।

### पार्किंग के लिए बनाए गए तलघर उठा दिए हैं किराए पर

लोग भी इतने स्वार्थी हो चुके हैं तथा अधिक से अधिक धन कमाने के चक्कर में व्यवस्थाओं को ध्वस्त करने में लगे हुए हैं। शहर में एमएस रोड सहित अन्य कई मार्गों पर एवं बाजारों में भी तमाम कमर्शियल कंपलेक्स बने हुए हैं, जिनमें दुकाने, प्राइवेट दफ्तर, बैंक इत्यादि संचालित है और इन कॉम्प्लेक्स में पार्किंग के लिए तलघर भी बनाए गए हैं, लेकिन बिल्डिंग मालिकों द्वारा वाहनों को सड़कों पर पार्क करा दिया जाता है व तलघर को किराए पर उठा दिया गया है तथा बिल्डिंग का पूरा पैसा वसूल कर यातायात व्यवस्था को ध्वस्त करने में लगे हुए है।

## राष्ट्रद्रोह बना राजद्रोह

भारत का संविधान 1950 से लागू हुआ। राजतंत्र का स्वरुप लोकतंत्र मे निहित हुआ। लोकतंत्र में अब जनता शासक है। जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनाव के माध्यम से निर्वाचित करती है। चुने गए निर्वाचित प्रतिनिधि जनता के नुमाइंदे होते हैं। विधायिका के रुप में इन्हें लिखित संविधान के अनुरुप कानून एवं नियम बनाने के अधिकार हैं। विधायिका को संविधान ने जो अधिकार दिये हैं। उसमें संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों पर छेड़छाड़ करने के अधिकार विधायिका को नहीं दिये गए हैं। न्यायपालिका को भारतीय संविधान में सर्वोच्च अधिकार मिले हुए हैं। विधायिका और कार्यपालिका द्वारा किये गए प्रत्येक कार्यों की समीक्षा करने और आदेश देने के अधिकार केवल न्यायपालिका के पास है। न्यायपालिका, विधायिका एवं कार्यपालिका के ऊपर संविधान ने जनता को मौलिक अधिकार के रुप में सर्वोच्च अधिकार दिए गए हैं। जनता के अधिकारों की रक्षा करने के लिए न्यायपालिका एवं चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता संविधान में दी गई है। भारतीय संविधान लागू होने के बाद लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजद्रोह का कोई स्थान नहीं है। शासन के कार्यों की आलोचना अथवा असहमति व्यक्त करना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। 1975 में घोषित रुप से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर मौलिक अधिकारों एवं संवैधानिक संस्थाओं के अधिकारों पर कुछ समय के लिये रोक लगाई थी। किन्तु पिछले वर्षों में देश में अघोषित रुप से आपातकाल जैसी स्थितियाँ निर्मित कर दी गई है। जिसके कारण लोकतंत्र के राष्ट्रदोह को राजाओं के राजतंत्र में विरोध एवं असहमति को राष्ट्रदोह परिभाषित किया जा रहा है। जिसके कारण एक बार फिर राजाओं एवं ब्रिटिश शासन काल की राजतंत्र जैसी स्थितियाँ भारत में पैदा हो गई है। सत्ता में बैठे लोगों का विरोध एवं असहमति पर नागरिकों पर राष्ट्रदोह का मुकदमा, 1870 में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानून का उपयोग भारत में जनता द्वारा चुनी गई सरकार द्वारा नागरिकों पर लगाकर जेल में बंद किया जा रहा है। कई वर्षों तक जॉच एजेंसियाँ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत नहीं करती है। हजारों लोग कई वर्षों से जेल में चार्जशीट के बिना बंद है। यदि जमानत मिल भी जाए तो कई वर्षों तक मुकदमा लड़ने से आर्थिक एवं सामाजिक रुप से उन्हें नेस्तनाबुत किया जा रहा है। पिछले 6 वर्षों में राष्ट्रदोह के आपराधिक मामलों में जेल भेजने की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। आंदोनकारी आदिवासियों, किसानों, मीडिया, लेखकों तथा केन्द्र एवं राज्य सरकारों के खिलाफ असहमति व्यक्त करने पर देश में राष्ट्रद्रोह के कानून में जेल भेजने का काम अब बड़े पैमान पर हो रहा है। जो मौलिक अधकारों में शामिल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सबसे बड़ा हमला है। न्यायपालिका में मुकदमों की सुनवाई के दौरान 90 दिनों में आरोप पत्र प्रस्तुत करने की बाध्यता जॉच एजेंसियों पर होने के बाद भी न्यायपालिका में वर्षों तक चार्जशीट जॉच एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत नहीं की जाती है। न्यायालयों से आरोपियों को जमानत नहीं मिलती है। कई आरोपी कई वर्षों से जेल में बंद है। इनमें युवा भी है, बुजुर्ग, शिक्षाविद भी है, महिलायें भी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मौलिक अधिकारों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सर्वोच्च है। उसके बाद भी असहमति व्यक्त करने वाले आम आदमियों के साथ अब मीडियाकर्मियों पर भी राजद्रोह कानून लगाकर प्रताणित किया जा रहा है। प्रेस कौंसिल आफ इंडिया के होते हुए पत्रकारों एवं संपादकों के ऊपर मानहानि के मुकदमें दायर कर मीडियाकर्मियों के मुंह पर ताले लगाने का जो कार्य अघोषित आपातकाल के रुप में वर्तमान केन्द्र एवं राज्य सरकारें कर रही है।

# लक्षद्वीप तो बहाना है हिन्दू को मूर्ख बनाना है

**रघु ठाकुर**

पिछले कुछ दिनों से लक्षद्वीप देश में चर्चा के मुख्य केन्द्र के रूप में उभरा है। अभी तक लोग लक्षद्वीप को मात्र एक प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर खुबसूरत द्वीप मानते थे और यदाकदा संपन्न और सुविधा वाले लोग या फिर सरकारों के बड़े अफसर लक्षद्वीप की यात्रा घूमने फिरने पर्यटन और भोग विलास के लिए करते थे। लक्षद्वीप अरेबियन सागर के बीच बसा हुआ द्वीप है और इसमें छोटे-छोटे 27 खण्ड द्वीप है, जिन सबको मिलाकर लक्षद्वीप बनता है। इसमें से लक्षद्वीप की कुल आबादी भी 1 लाख के आसपास ही होगी जिसमें मुख्य लक्षद्वीप की आबादी भी 65000 के आसपास है। समूचे लक्षद्वीप का क्षेत्रफल बमुश्किल 23 कि.मी. ग 11 कि.मी. यानि लगभग 250 वर्ग कि.मी. के करीब होगा तथा मुख्य लक्षद्वीप का क्षेत्रफल तो मात्र 23 वर्ग कि.मी. के आस-पास ही होगा। 5 दिसंबर 2020 को लक्षद्वीप के प्रशासक के रूप में या उप राज्यपाल के पद पर प्रफुल्ल खोड़ा (पटेल) को भारत सरकार के द्वारा नियुक्त किया गया है, श्री प्रफुल्ल पटेल मूलतः गुजरात के हैं और गुजरात की भाजपा सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति उनकी निष्ठा सर्वविदित है। केन्द्र शासित राज्यों में लेफ्टीनेंर गर्वनर ही उपराज्यपाल होता है।

श्री प्रफुल्ल पटेल ने लक्षद्वीप का प्रभार संभालते ही एक शांत और खूबसूरत द्वीप को अशांत भू-भाग में बदल दिया है। उन्होंने जाते ही यह संकेत दे दिया था कि वे गोकशी और गाय आदि (वीफ) के खाने पर रोक लगायेंगे। लक्षद्वीप की 97 प्रतिशत आबादी मुस्लिम समुदाय की है और वे लोग मांसांहार में बीफ खाते रहे हैं। 25 फरवरी 2021 को प्रशासक ने बीफ को बैन कर दिया। मैं पहले ही स्पष्ट कर दूं कि मैं गोकशी के खिलाफ हूँ और गौ हत्या को रोकने वाले कानून के पक्ष में हूँ। परंतु क्या भारतीय जनता पार्टी वास्तव में गोकशी के खिलाफ है? जब देश में गौ हत्या पर रोक और गाय के गोश्त खाने पर रोक लगाने की बात जोर शोर से चल रही थी गोश्त के नाम पर समूह हत्यायें (मॉब लीचिंग) हो रही थी तब भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र सरकार के मंत्री ने जो पहाड़ी प्रदेश से आते है सार्वजनिक रूप से बयान दिया था कि हम लोग गाय का गोश्त खाते है, और खाते रहेंगे। उन्होंने अपने प्रदेश में गौ हत्या पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था और आज भी उन पहाड़ी प्रदेशों में गौ हत्या और बीफ खाने पर कोई रोक नहीं है। अगर भारतीय जनता पार्टी या संघ गौ हत्या पर रोक के प्रति गंभीर और ईमानदार होते तो या तो अपनी पार्टी की सरकार के इन मंत्री को पद से हटाते और मुख्यमंत्री को भी पद मुक्त कर राज्यपाल के माध्यम से लक्षद्वीप के समान बीफ पर रोक लगाने का कानून लागू करते। परंतु भाजपा और संघ ने तथा प्रधानमंत्री जी और गृहमंत्री जी दोनों ने इस पर आंखे बंद कर ली। इतना ही नहीं वहा चुनाव में आम सभा में ऐलान किया कि गौ हत्या या बीफ खाने पर रोक नहीं लगाई जायेगी। कहने का तात्पर्य यह है कि, भाजपा का एक मात्र सिद्धांत येन केन प्रकारेण सश्रा हासिल करना है।

लक्षद्वीप में दूसरा आदेश श्री प्रफुल्ल पटेल ने दिया है कि जिनके दो से अधिक बच्चे होंगे वे चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। याने दो से अधिक बच्चे वाले पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनाव नहीं लड़ सकेंगे तथा कुछ अन्य नागरिक सुविधाएं भी उन्हें नहीं मिलेगी याने दो से अधिक बच्चे वालों को संवैधानिक नागरिक अधिकारों से वंचित करने की योजना है। जबकि पूर्व के संघ संचालक स्व. सुदर्शन ने सार्वजनिक रूप से यह अभियान चलाया था कि हिन्दू ज्यादा बच्चे पैदा करें। यहां तक कि म.प्र. में जब कांग्रेस सरकार थी तो कांग्रेस सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी ने यह कानून बनाया था कि दो से अधिक बच्चे पैदा करने वाले पंचायतों में उम्मीदवार नहीं हो सकेंगे। उसके बाद जब भाजपा सरकार म.प्र. में बनी तो उस कानून को ही समाप्त कर दिया गया। इस अंर्तविरोध की वजह समझने की आवश्यकता है कि जो पार्टी या राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ उश्रर व मध्य भारत के राज्यों में दो बच्चों के प्रतिबंध वाले कानून को समाप्त करना चाहता है वही उसे लक्षद्वीप में क्यों लागू कर रही है? उद्देश्य साफ है कि उन्हें बच्चों की संख्या सीमित नहीं करना है बल्कि उनका उद्देश्य देश के हिन्दु बाहुल्य इलाकों में यह प्रचार करना है कि लक्षद्वीप में दो बच्चों के कानून का विरोध मुसलमान कर रहे हैं याने मुसलमान परिवार नियोजन का विरोधी है। मेरी राय में तो इस दो बच्चों की सीमा वाले कानून को समूचे देश में व सभी चुनावों या लोकसभा विधानसभा तक पर लागू करना चाहिये। इससे यही स्पष्ट होता है कि भा.ज.पा. की केन्द्र सरकार सारी स्थानीय संस्थाओं को भंग कर या पंगु बनाकर उपराज्यपाल के माध्यम से सारे अधिकार अपने पास रखना चाहती है।

श्री प्रफुल्ल पटेल ने 28 मार्च 2021 को एक और आदेश जारी किया जिसके तहत विकास के नियोजन के काम के नाम पर किसी भी जमीन को वह चाहे व्यक्तिगत भी है। सीधे सरकार के नाम पर ट्रांसफर कर सकते है और इसके विरोध को रोकने के लिए एंटी सोशल रेगुलेशन एक्ट लागू किया है। जिसके तहत किसी भी व्यक्ति को एक वर्ष के लिए बगैर किसी सुनवाई के निरूद्ध किया जा सकता है। इन कानूनों को एक तारतम्य में देखने की आवश्यकता है। अगर कोई व्यक्ति इस पक्षपात को याने परिवार नियोजन का या निजी जमीन के अधिग्रहण का विरोध करेगा तो उसे इस एंटी सोशल एक्ट के तहत जेल में बंद किया जायेगा। कुल मिलाकर भा.ज.पा. भयादोहन का इस्तेमाल कर रही है और इसके पीछे जो वास्तविक उद्देश्य हैं वे बिल्कुल ही भिन्न है। विकास के नाम पर जो योजना बनाई गई है उसमें बड़ी-बड़ी मशीनों से मछली मारना तथा बड़े-बड़े बंदरगाह बनाकर मछली को निर्यात करना निहित उद्देश्य है। इसका जो सबसे विपरीत प्रभाव पड़ने वाला है वह आम आदमी के रोजगार पर है। लक्षद्वीप में आम आदमी और गरीबों का रोजगार समुद्र से जुड़ा हुआ है, जिसमें मछली मारना, झींगे मारना आदि शामिल है। अब विकास के नाम पर समुद्र के तट को बंदरगाहों के नाम पर आम आदमी का प्रवेश बंद किया जायेगा। इससे ना केवल उनका रोजगार प्रभावित होगा बल्कि उनके भोजन का एक पोषक तत्व भी उनकी थाली से बाहर हो जायेगा। लक्षद्वीप के लोगों का आम भोजना मछली है और जब वे मछली निकाल ही नहीं सकेंगे, बड़ी-बड़ी मशीनों से मछली मारी जायेगी तो वे खायेंगे कहां से?

अगर वे विरोध करेंगे तो उन्हें विकास विरोधी बताकर जेल में डाला जायेगा। कुल मिलाकर भाजपा और श्री नरेन्द्र मोदी जी अपने अगले आम चुनाव के लिए एजेण्डा तय कर रहे हैं। ताकि लक्षद्वीप को मुस्लिम का पर्याय बताकर देश के हिन्दू मतदाताओं को फिर से एक बार अपने चुनाव में इस्तेमाल किया जाए।

चूंकि वर्ष 2020 में कोरोना के प्रथम चरण में देश के और विशेषतः उश्रर भारत के हिन्दी भाषी क्षेत्रों के कई करोड़ अप्रवासी मजदूर जिस पीड़ा के साथ सैंकड़ों कि.मी. पैदल चलकर अपने घरों पर वापिस आए थे उससे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की छवि विपरीत ढंग से प्रभावित हुई थी। और अब वर्ष 2021 में कोरोना के दूसरे चरण में जिस प्रकार से कुप्रबंधन हुआ है, और चुनावी प्रचार में बड़ी-बड़ी रैलियों तथा कुम्भ के विशालकाय आयोजन से ग्रामीण इलाकों में कोरोना पहुंचा है, और भारी तादाद में मौतें हुई हैं, उससे भी श्री मोदी जी और केन्द्र सरकार की छवि पर आधात लगा है। लाखों की संख्या में लोग मरे है। भले ही केन्द्र सरकार कोरोना से मृतकों की संख्या लगभग चार लाख बता रही हो, परन्तु वास्तव में मृतकों की संख्या कहीं बहुत ज्यादा है। स्वतः श्री मोदी जी के समर्थक बाबा रामदेव ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि ''एक गाँव में मरने वालों की संख्या मुश्किल से 5-10 है।'' याने 7 लाख छोटे बड़े गाँव हिन्दुस्तान में है और अगर बाबा रामदेव के ही आंकलन को सही मान लिया जाए तो मरने वालों की संख्या लगभग 35 लाख से 70 लाख तो केवल गाँवों में हो जाती है। और शहरों के मृतकों की संख्या इससे अलग है। किस प्रकार कानपुर से लेकर पटना तक गंगा में लाशें बहाई गई और गंगा किनारे रेत में लाशों को गाड़ा गया यह अब खुला तथ्य है जो देश और दुनिया में सभी ने देखा है। और यह चित्र बाबा रामदेव के मृतकों के गणित की ही पुष्टि करते है। याने एक गाँव में औसतन पांच से दस मौंते। कोरोना सुई (वैक्सीन) के नाम पर भी केन्द्र सरकार ने और प्रधानमंत्री जी ने जिस अदूरदर्शिता का परिचय दिया है उससे भी हजारों लोग निर्दोष मौत के शिकार हो गए, जिन्हें बचाया जा सकता था।

## जीवन में दर्द अस्थायी होता है

एक राजा ने अपने सभी सलाहकारों को बुलाया और कहा, मैं चाहता हूं कि मैं अंदर से स्थिर बना रहूं। जीवन के उतार-चढ़ाव मेरा संतुलन बिगाड़ देते हैं। तुम कोई ऐसी चीज बताओ जिससे दुख की अवस्था से गुजरते हुए मैं खुशी पा सपूं और जब मैं आनंद की अवस्था में होऊं, तो वह चीज मुझे दुखों की याद दिलाती रहे। ऐसी चीज खोजो जो मैं अपने पास रख सपूं ताकि मेरे चारों ओर कुछ भी घटता रहे, पर मैं शांत-स्थिर रह सपूं। सभी सलाहकार मिलकर बैठे और उन्होंने विचार-विमर्श किया। अंत में वे एक बक्सा लेकर राजा के पास गए- महाराज, आप इस बक्से को खोलें। राजा ने उसे खोला तो उसमें एक छोटी अंगूठी मिली। उन्होंने राजा से कहा, इस पर जो लिखा है,उसे पढ़ें। अंगूठी पर लिखा था- यह समय भी बीत जाएगा। इन पांच सादे लफ्जों से राजा को बड़ी मदद मिली। हमें भी संतुलन बनाए रखने में इनसे मदद मिल सकती है। जब हम बहुत आनंद में हों, तब याद रखने की जरूरत है कि चीजें हर समय ऐसी नहीं रहेंगी और जब खुशहाल वक्ति गुजर जाए तो हमें निराश या हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। हमें ये पांच सादे लफ्ज याद दिला सकते हैं कि दर्द अस्थायी है और खुशहाली फिर लौट आएगी। सभी जीवन में उतार-चढ़ाव का सामना करते हैं। ये जीवन के अभिन्न अंग हैं। इनसे बचा नहीं जा सकता। प्रश्न यह है कि जीवन-पथ पर जब हम ऊंच-नीच का सामना करेंगे तो क्या हम मन की शांति खोकर अस्थिर हो जाना चाहेंगे?

## कोरोना का नया रूप डेल्टा वैरियंट

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

**कोरोना डेल्टा वैरियंट कही तीसरी लहर का संकेत तो नही!**

पहली और दूसरी लहर के भयंकर परिणामो से अभी पूरी तरह से उभर भी नही पाए कि कोरोना ने डेल्टा वैरियंट के रूप में दस्तक दे दी है।कुछ लोग इसी दस्तक को तीसरी लहर के रूप में देख रहे है।हालांकि राहत की बात यह भी है कि देश के 500 से अधिक जनपदों में कोरोना की घटकर पांच प्रतिशत तक सिमट चुका है। पिछले डेढ़ महीने में 90 प्रतिशत तक कोरोना केसों में कमी आई है।लेकिन चिंता की बात यह है कि डेल्टा वैरिएंट के मामले कम होने के बजाए बढ़ते जा रहे हैं। भारत दुनिया का दूसरा ऐसा देश है, जहां डेल्टा वैरिएंट के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। एक माह में 54 सैंपल की सिक्वेसिंग में डेल्टा वैरियंट की उपस्थिति दर्ज की गई है।भारत में अभी तक 6,656 सैंपल में डेल्टा मिल चुका है।डेल्टा वैरिएंट के कारण ही भारत में मार्च से मई के बीच कोरोना महामारी का आक्रमक रुप देखने को मिला , जिसने गांव तक को चपेट में ले लिया था।इस विषय की शोद्यार्थी बानी जोली के शब्दों में, ÷ डेल्टा वैरिएंट को लेकर देश में काफी चर्चाएं चल रही हैं लेकिन डेल्टा प्लस के मामले अभी बहुत कम हैं। इस पर अधिक अध्ययन भी नहीं आए हैं। जबकि अकेले डेल्टा वैरिएंट को लेकर ही सबसे ज्यादा गंभीर स्थिति न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर में देखने को मिल रही है। इसी वैरिएंट के चलते देश में ब्रेक थ्रो इंफेक्शन भी चार से बढ़कर नौ से 10 फीसदी तक जा पहुंचा है। ब्रेक थ्रो इंफेक्शन का मतलब वैक्सीन की दोनों खुराक लेने के बाद संक्रमित होने वाले मरीजों से है।÷वही



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की माने तो भारत में अभी तक 45 हजार सैंपल की सिक्वेसिंग हो चुकी है लेकिन अंतरराष्ट्रीय संगठन जीआईएसआईडी की वेबसाइट पर 28,150 सैंपल की ही जानकारी दी गई है। जिसके तहत पिछले एक महीने में भारत में 96 प्रतिशत से अधिक सैंपल में डेल्टा वैरिएंट पाया गया। दुनिया में सबसे ज्यादा डेल्टा वैरिएंट की मौजूदगी फिलहाल ब्रिटेन में है। जहां अब तक 56,100 सैंपल में डेल्टा वैरियंट मिल चुका है।लेकिन अभी यह कहना सही नही होगा कि भारत में डेल्टा वायरस के कारण कोरोना की तीसरी लहर आएगी। वैज्ञानिक डॉ. सुमित अग्रवाल की माने तो तीसरी लहर आने के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं। वे कहते है कि वायरस का डेल्टा प्लस रूप ज्यादा संक्रामक है। इसको लेकर कई स्तरों पर अध्ययन हो रहे हैं। वायरस का यह रूप ज्यादातर महाराष्ट्र, केरल और मध्यप्रदेश में देखने को मिल रहा है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि एमआरएनए वायरस का रूप बदलना स्वाभाविक है। इन्हें रोका नहीं जा सकता, हम इन्हें नियंत्रित नहीं कर सकते। इसलिए जैसे-जैसे समय गुजरेगा वैसे-वैसे हमें इसके और म्यूटेशन देखने को मिल सकता है और इसलिए यह वायरस हमारे लिए चिंता का बड़ा कारण है। वायरस के इस रूप में अब तक तीन प्रमुख लक्षणों की पहचान हुई है।देश के कुछ हिस्सों में डेल्टा प्लस% वैरिएंट का पता चलने के बाद अब देश के वैज्ञानिक इसको बेअसर करने के तरीको को खोजने में जुटे हैं। इसको लेकर शोध हो रहे है। वही यह भी आंकलन हो रहा है कि भारतीय वैक्सीन कोरोना वायरस के नए डेल्टा प्लस वैरिएंट के खिलाफ कितनी असरदार है और क्या ये डेल्टा प्लस वैरिएंट को प्रभावहीन कर सकती है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी ने यह पता लगाने के लिए शोध करने का फैसला किया है। कोरोना वायरस के डेल्टा प्लस वेरिएंट के बढ़ने से एक बार फिर लोगो को चिंता में डाल दिया है। डेल्टा प्लस वेरिएंट के मामले 11 देशों में मिल चुके हैं और यह अल्फा की तुलना में 35-60 फीसदी अधिक संक्रामक है।डेल्टा प्लस वैरिएंट देश के चार राज्यों जिनमे महाराष्ट्र ,केरल, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु शामिल है,में अब तक 40 मामले सामने आ चुके हैं। कोरोना वायरस के डेल्टा प्लस वैरिएंट के बढ़ने से एक बार फिर भारत से लेकर दुनियाभर में चिंताएं शुरू हो गई है।भारत के कुछ हिस्सों में डेल्टा प्लस% वैरिएंट का पता चलने के बाद अब देश के वैज्ञानिक इसको प्रभावहीन करने के लिए दवाई खोजने में जुटे हुए हैं। देश में डेल्टा प्लस के मामले महाराष्ट्र के रत्नागिरी और जलगांव जिलो में, केरल के पलक्कड़ और पठानमथिट्टा जिलो में और मध्य प्रदेश के भोपाल और शिवपुरी जिलो में के साथ ही तमिलनाडु में भी उक्त लक्षण पाए गए हैं।

# कहो तो कह दूँ : 'प्रेस और पुलिस किसी के सगे नहीं तो नेता कौन से सगे हैं?

### अष्टयोग- 5456

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | | 5 | | 1 | 6 |
| | 30 | 2 | 36 | | 32 | |
| 5 | | | 1 | 7 | | 4 |
| 6 | 38 | 4 | 34 | 1 | 26 | 5 |
| 4 | | 5 | 7 | | | 1 |
| | 31 | | 32 | 4 | 30 | |
| 2 | 3 | | 4 | | 6 | 7 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5455 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 3 | 32 | 6 | 36 | 2 | 30 | 1 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 5 | 26 | 1 | 34 | 4 | 38 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 30 | 4 | 32 | 3 | 31 | 7 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**चैतन्य भट्ट**

भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रभारी मुरलीधर राव ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को गुरु मंत्र देते हुए बताया कि प्रेस और पुलिस किसी के सगे नहीं होते, वैसे ये बात कही तो उन्होंने सही ही है, अब अपनी पुलिस को ही देख लो कल तक जिसकी सत्ता होती है उसकी जी हुजूरी में लगी रहती है और जैसे ही सत्ता पलटती है उनको गिरफ्तार करने, उन पर मुकदमे लगाने में पीछे नहीं हटती, ये तो उसका स्वभाव है, जिसकी सत्ता होती है वो उसकी चरण वंदना करती है कल तक जिसके आगे पीछे सलाम ठोकती थी आज उन पर लठ्ठ चलाने में एक मिनिट भी नहीं लगाती , अब वो भी बेचारी करे भी तो क्या करे ? उसे भी तो अपनी नौकरी बचाना है, अपने बाल बच्चों का पेट पालना है, यदि ऐसा नहीं करेगी तो परिवार कैसे चलेगा? अब रहा प्रेस का सवाल तो प्रेस का तो सीधा सिद्धांत ही है जो विज्ञापन देगा उसकी वाहवाही होगी जो नहीं देगा उसकी ऐसी तैसी करने में प्रेस कभी पीछे नहीं हटेगा , लेकिन उसकी भी तो मजबूरी है चैनल चलाना है, अखबार निकालना है इन सबमें लगता है पैसा, और पैसा नहीं आएगा तो क्या ख़ाक अखबार निकाल लोगे ? मुरलीधर जी की बात से मैं पूरी तरह सहमत हूं लेकिन हुजूर ये भी तो बता दो कि नेता किसके सगे होते हैं जिस पार्टी में बरसों रहे, जिसके दम पर मलाई काटी, माल काटा, करोड़पति बने उसको एक ही झटके में छोड़कर दूसरी पार्टी में आने में वे एक मिनिट भी नहीं



लगाते और ऐसे नेताओं का तो आजकल आपकी पार्टी में खासा बोलबाला हैं बेचारे वो खांटी कार्यकर्ता और नेता जो बरसों से पार्टी का दरी फट्टा उठा रहे हैं, नेताओं की जयजयकार कर रहे है वे आज भी किसी कोने में खड़े होकर टेंट वाले से हिसाब किताब कर रहे हैं और दूसरी पार्टी के आयातित लोग मंत्री बनकर गाड़ी, बंगला, नौकर, चाकर का सुख भोग रहे हैं द्य ये तो कलियुग है यंहा कब कौन किसका सगा बन जाए और कब सौतैला कहना मुश्किल है, इसलिए तो ये गाना बना है कोई होता जिसको हम अपना कह लेते यारो पास नहीं तो दूर ही होता लेकिन कोई मेरा अपना आजकल तो प्रेमी प्रेमिका का सगा नहीं होता, दोस्त दोस्त का सगा नहीं होता इसलिए राजकपूर फिल्म संगम में तान छेड़ रहे थे दोस्त दोस्त न रहा प्यार प्यार न रहा इधर किशोर कुमार फिल्म झुमरू में गाये पड़े थे कोई हमदम न रहा, कोई सहारा न रहा हम किसी के न रहे कोई हमारा न रहाद्य नेताओं के बारे में तो ये कहा जाता है कि जब उन्हें वोट लेना होता है तो चरणों में लोट जाते है और जीतने के बाद मतदाता के पास ये गाना गाने के अलावा कोई चारा नहीं रहता अगर बेवफा तुझको पहचान जाते खुदा की कसम हम तुझे वोट न देते इस कलियुग में तो बच्चे भी मां बाप के सगे नहीं होते , देखना है तो वृद्धाश्रम में जाकर देख आओ नेताजीद्य अकेले प्रेस और पुलिस को कोसने का कोई फायदा नहीं है, आजकल कोई किसी का ,सगा नहीं है सबके अपने अपने स्वार्थ है इसलिए फिल्म उपकार का ये गीत वर्तमान में सबसे ज्यादा मौजूँ है

कस्मे वादे प्यार वफ़ा सब, बातें हैं बातों का क्या, कोई किसी का नहीं ये झूठे, नाते हैं नातों का क्या

**दस किलो आम बेचकर कर्जा तो चुका देते:** कुछ दिनों पहले जबलपुर में उगाये जाने वाले एक जापानी किसिम के आम की बड़ी चर्चा हो रही थीद्य कोई उसका रेट तीन लाख रुपया किलो बतला रहा था तो कोई उसे ढाई लाख रुपए किलो में खरीदने तैयार था, तो किसी ने एक आम की बोली पचास हजार तक लगा दी थी द्य सोशल मीडिया से लेकर अख़बारों में, टीवी चैनलों में इस आम और उसको उगाने वाले भाई साहेब के इंटरवयू चल रहे थे, लोगों को भी उस बहुमूल्य आम को देखने की बड़ी उत्कंठा सी जाग गए कुछ लोग सशरीर उस आम को देखने पंहुच गए तो किसी ने अखबार में, टीवी में उसके दर्शन कर अपने आपको धन्य मान लिया द्य जापान के इस आम को उगाने वाले ने बताया कि उसने इन आमों की रखवाली के लिए शिकारी कुत्ते और कई गार्ड रखे हैं।

## अफगान संकटः चिकनी-चुपड़ी बातें

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

कल दो महत्वपूर्ण घटनाएं हुई। एक तो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से अफगान राष्ट्रपति अशरफ गनी और सीईओ डॉ. अब्दुल्ला की भेंट हुई और दूसरी घटना यह कि 'न्यूयार्क टाइम्स' में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान की लंबी भेंट-वार्ता छपी। उसमें अफगानिस्तान का केंद्रीय उल्लेख था। बाइडन से अफगान नेता अपना मनचाहा फायदा नहीं निकाल सके। अफगानिस्तान और पाकिस्तान, दोनों की सरकारें चाहती हैं कि अमेरिका सेना अफगानिस्तान में अभी टिकी रहें। 11 सितंबर को वापस न लौट जाएं। यह पता नहीं चला कि अशरफ गनी और अब्दुल्ला ने इस सवाल पर कितना जोर लगाया। उनकी बातचीत के जो विवरण सामने आए हैं, उससे यही अंदाज लगता है कि यदि उन्होंने जोर लगाया भी होगा तो वह बेअसर रहा। बाइडन ने साफ-साफ कहा कि अफगान फौजों की वापसी तो होकर ही रहेगी। सिर्फ कुछ सौ जवान वहाँ टिके रहेंगे ताकि अमेरिकी राजदूतावास को सुरक्षा दे सकें। जहां तक काबुल हवाई अड्डे का सवाल है, उसकी सुरक्षा का जिम्मा तुर्की की सरकार ले ही रही है लेकिन अफगानिस्तान के सैकड़ों छोटे-मोटे जिलों का क्या होगा, इस बारे में बाइडन ने कहा कि अब अफगानिस्तान अपने पांवों पर खड़ा होगा। पिछले 20 साल से अमेरिका उसकी सुरक्षा कर रहा था लेकिन अब यह जिम्मेदारी अफगान फौज की होगी। इसका अर्थ यह नहीं कि अमेरिका-अफगानिस्तान का साथ छोड़ देगा। वह उसकी पूरी मदद करेगा। उसकी सुरक्षा के लिए वह 3.3 बिलियन डॉलर की मदद का भी इंतजाम कर रहा है। अफगानों को खुद तय करना है कि उनकी सुरक्षा कैसे होगी। वे उन अफगान नागरिकों को अमेरिका ले आएंगे, जो अमेरिका सेना के साथ सक्रिय थे और जिन्हें मार डालने के लिए तालिबान कटिबद्ध हैं। बाइडन की ये सब बातें काफी चिकनी-चुपड़ी लगती हैं लेकिन अमेरिका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के कई विशेषज्ञों के साथ हुई मेरी बातचीत का नतीजा यह निकलता है कि अगले छह माह या साल भर में काबुल पर तालिबान का कब्जा हो जाएगा। कई अफगान नेता मुझसे पूछ रहे थे कि वे शीघ्र ही भारत में आकर रहने लगें तो कैसा रहेगा ? उधर अफगान सरकार ने दावा किया है कि उसने तालिबान को छह जिलों से बेदखल कर दिया है। इमरान खान ने अपनी भेंट-वार्ता में कहा है कि अमेरिका अपनी वापसी के पहले अफगान-संकट का हल निकलवा देता तो बेहतर होता। दूसरे शब्दों में अमेरिका अफगानिस्तान को अधर में लटकता छोड़कर जा रहा है। इमरान ने अमेरिकी वापसी के बाद उसे अपने हवाई अड्डों के इस्तेमाल की सुविधा देने से मना कर दिया है।

# वागबाला पुलिस ने किया चोरी की नौ घटनाओं का खुलासा

## भारी मात्रा में चोरी किये गये सोने-चॉदी के आभूषण, पीतल के बर्तन, 24200 रुपये, मोबाइल फोन तथा अवैध असलहा कारतूस सहित पांच दबोचे

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

**एटा।** जनपद के थाना बागवाला पुलिस तथा जनपदीय स्वॉट टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम नगला मई, मैनाठेर मोड़ के पास से लूट चोरी के उद्देश्य से टैम्पो में जा रहे पॉच शातिर बदमाशों को अवैध असलहा कारतूस तथा नकबजनी में प्रयुक्त लोहे के पाइप तथा लकड़ी के डंडे सहित गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो रात्रि में भैंस चोरी तथा सैंधमारी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। चोरी की भैंसों को ले जाने के लिये वे प्राइवेट वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। गिरोह के गिरफ्तार सदस्य विजयप्रकाश ने बताया कि यह टैम्पू उसका है तथा रात्रि में वह गिरोह के अन्य लोगों को टैम्पू में लेकर चलता है, वह लोग चोरी का सामान इसी टैम्पू में लादकर बेच देते हैं। आज भी वे सभी बागवाला में चोरी की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से इकट्ठा हुए थे। अभियुक्तों द्वारा थाना बागवाला तथा जनपद के अन्य थाना क्षेत्रों में हुई लूट व चोरी की कई घटनाओं का इकबाल किया गया है। अभियुक्तगणों की निशांदेही पर अभियुक्त अनिल उर्फ अजयप्रताप के घर से विभिन्न थानाक्षेत्रों से चोरी की ज्वैलरी, पीतल के बर्तन, एक मोबाइल सैमसेंग तथा नकदी कुल 24200 रुपये बरामद किये गये हैं।

इस अनावरण के बाद थाना क्षेत्र व जनपद में हो रही घटनाओं के सम्बन्ध में पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने तीन माह पूर्व कोतवाली नगर के गांधी मार्केट से घर के अन्दर से अलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषण व एक वक्सा व अन्य सामान चोरी किया था जिसमें से 5 चाँदी के सिक्के व 2000 रुपये बचे हैं। वहीं दिनांक 08 अप्रैल को रात्रि में ग्राम त्रिलोकपुर थाना मारहरा के अन्तर्गत खेत के किनारे मकान में नकब लगाकर करीब 8-10 हजार नगदी तथा सोना चाँदी चोरी की थी उसमें से 3 जोड़ी पाजेब सफेद धातु, 4 लच्छे सफेद धातु व 1 नाक की बेसर पीली धातु की बची है। इसके बाद दिनांक 9/10 मई की रात को नगला ढक बागवाला क्षेत्र में एक घर मे घुसकर बक्सा व अलमारी का ताला तोड़कर सोने चाँदी के



आभूषण व घरेलू अन्य सामान व बर्तन आदि चोरी किये थे जिसमें से एक जोड़ी पायल सफेद धातु, एक चूड़ी पीली धातु, एक बाल्टी, दो कटोरी तथा एक थाली पीतल की बची है। वहीं 17 मई को रिजोर क्षेत्र में एक परचून की दुकान से तेल साबुन, बीडी माचिस, गुटखा तम्बाकू, व एक मोबाईल सेमसंग कीपैड चोरी किया था जिसमें से सिर्फ मोबाईल बचा है। दिनांक 23 मई की रात्रि को ग्राम जमलापुर थाना बागवाला क्षेत्र में सड़क किनारे से बने मकान के बाहर से तीन भैंसे चोरी की थीं तीनों भैंसों को बादशाह पुत्र बक्से निवासी ग्राम जाटऊ थाना नारखी जिला फिरोजाबाद अपनी मैक्स पिकअप में लादकर ले गया था और कहीं जाकर बेच दिया था हमारे हिस्से में पाँच- पाँच हजार रुपये आये थे जिसमें से 2500-2500 रुपये बचे हैं। 29 30 मई की रात्रि को किराये की गाड़ी से सिढपुरा रोड़ स्थित ग्राम शाहपुर मिलावली थाना बागवाला अन्तर्गत रोड़ पर बनी हार्डवेयर की दुकान से ताला तोड़कर गल्ले मे रखे 40 हजार रुपये चोरी कर लिये थे जिनमें से 5 हजार रुपये शेष बचे हैं। 17 जून की रात को ग्राम सत्तारपुर बागवाला क्षेत्र में टैम्पू से रात्रि में दो अलग अलग घरों से सोने चाँदी के आभूषण, नगदी, बर्तन कपड़े आदि चोरी किये थे जिनका कुछ सामान 1 जोडी पायल सफेद धातु, एक लर पीली धातु, एक जोडी टाप्स पीली धातु, 2 चूड़ी पीली धातु, दो अंगूठी पीली धातु, 2 बाल्टी, 4 थाली, 3 लोटा, 5 गिलास, 3 कटोरी, 3 चम्मच, 1 बड़ा चमचा पीतल का बचा है। 23 जून को रात्रि को ग्राम परसोंन थाना बागवाला क्षेत्र में सड़क किनारे बने मकान के पीछे खाली जगह से एक भैंस चोरी की थी भैंस को बादशाह अपनी मैक्स पिकअप में लादकर ले गया था और कहीं जाकर बेच दिया था जिसमें हम लोगों को 4000- 4000 रुपये हिस्से में आये थे अब यूनुस के पास 2000 रुपये तथा शौकीन के पास 3000 रुपये बचे हैं, बाकी पैसे खर्च हो गये। दिनांक 23 जून की रात्रि में ग्राम नगला लोचन में सड़क किनारे बने मकान के बाहर नीम के पेड़ के नीचे बंधी दो भैंसे चोरी की थी दोनो भैसे को बादशाह पिकअप में लादकर ले गया था, जिसे कहीं जाकर बेच दिया था, जिसकी बिक्री के रुपयों में से 5000 रुपये शेष बचे हैं बाकी खर्च हो गये।

इसके अलावा पूछताछ पर अभियुक्तों ने जनपद फिरोजाबाद कासगंज मैनपुरी, हाथरस आदि जिलों में भी भैंस चोरी की घटनाओं का जुर्म इकबाल किया है।

इस दौरान पकड़े गए अभियुक्तों शौकीन पुत्र मकबल युनुस पुत्र निहाल खॉ निवासी खड़ीत थाना जसराना फिरोजाबाद अनिल उर्फ अजयप्रताप पुत्र रामौतार निवासी परतापुर थाना रिजोर एटा, संदीप उर्फ भरोसे पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी सलेमपुर साहनी थाना सकीट विजयप्रकाश पुत्र रामनिवास निवासी भगवन्तपुर थाना सकीट एटा के कब्जे से पांच चांदी के सिक्के, पांच जोड़ी चांदी की पाजेब, चांदी के लच्छे चार, एक नाक की बेसर सोने की, तीन चूड़ी सोने की, एक सोने की लर, एक जोड़ी टॉप्स सोने की और दो अंगूठी सोने की, काफी संख्या में पीतल के बर्तन, एक सैमसंग का मोबाइल और 24200 नगद, घटना में प्रयुक्त एक टेंपो, दो तमंचे और चार 315 बोर के जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

इस घटना में बादशाह और अफसर पुत्र बोक्से, अफसर पुत्र भूरा, हड्डी पुत्र कटिया समस्त निवासीगण जाटऊ थाना नारखी फिरोजाबाद, शहजाद पुत्र सुइया निवासी सिकंदरपुर थाना कोतवाली मैनपुरी, सलमान और जीसान पुत्र पप्पू निवासीगण मेवली थाना जलेसर के नाम भी प्रकाश में आए हैं।

# कृषि विज्ञान केंद्र में बजट की हेराफेरी







पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर /** कृषि विज्ञान केंद्र ग्वालियर में कैफेटेरिया क्षेत्र में पुराने निर्माण किए हुए सेड क्षत विक्षत हालत में टूटे-फूटे पड़े हुए हैं देखरेख के अभाव में उनकी हालत बहुत दयनीय हो गई है पुराना बजट खुर्द बुर्द कर दिया गया लेकिन उससे कुछ भी लाभ नहीं लिया गया मॉडन के निर्माण में जितना बजट आया था उसका बंदरबाट किया । पैसा हिल्ले लगाया परंतु उससे ना तो किसानों को कोई लाभ हुआ ना ही कृषि विज्ञान केंद्र को केवल और केवल सरकारी पैसे की बर्बादी कैफेटेरिया परिसर का निर्माण किया गया जिसमें अच्छा खासा पैसा लगाया गया है लेकिन आज की स्थिति में सब टूटा फूटा पड़ा हुआ है बजट में भी भारी गड़बड़ी की गई है विभाग को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है शासकीय बजट की बर्बादी की गई है आज पुरानी की हालत जर्जर है नवीन परिसर का पुनः निर्माण हो रहा है एक दिन वह भी देखरेख अभाव में क्षत-विक्षत हालत में पहुंच जाएगा बजट की गड़बड़ी हेरा फेरी जारी है शासकीय पैसों का दुरुपयोग बहुत हो रहा है वरिष्ठ अधिकारी इस ओर ध्यान दें ताकि शासकीय पैसों की बर्बादी रोकी जा सके।

# तेज रफ्तार ट्रक हुआ अनियंत्रित पलटने से एक की मौत

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर



**एटा।** जनपद के थाना कोतवाली मलावन क्षेत्र के अंतर्गत सोमबार की सुबह लगभग 6 बजे जीटी रोड पर चौधरी बदन सिंह महाविद्यालय आसपुर के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक पलटने से कंडक्टर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कजारिया टाइल्स से भरा हुआ एक ट्रक सिकंदराबाद से गोरखपुर जा रहा था। आज सुबह लगभग छः बजे जैसे ही वह जीटी रोड पर छछैना नहर के पुल से गुजरा तभी चालक तेज रफ्तार ट्रक से नियंत्रण खो बैठा और वह आगे जाकर चौधरी बदन सिंह महाविद्यालय के समीप सड़क के नाले में पलट गया। जिससे उसमें बैठा हुआ कंडक्टर ट्रक के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक उसे ट्रक के नीचे से निकाला जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## वन-टू-वन

# आरटीई के तहत आवेदनों के दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि एक जुलाई

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ

***भोपाल(पुष्पांजली टुडे)।*** *निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाइन आवेदन के बाद बच्चे के माता-पिता या अभिभावक को आवेदन में दर्ज की जानकारी अनुसार 1 जुलाई 2021 तक दस्तावेज सत्यापन कराना अनिवार्य है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि आरटीई के तहत जिन बच्चों के आवेदन किये गए है, उनके माता-पिता या अभिभावक आवेदन में दिए गए दस्तावेजों की मूल प्रति को निकट के जन शिक्षा केन्द्र, जो सामान्यतः शासकीय हाई स्कूल या हायर सेकेन्डरी स्कूल है, वहाँ ले जाकर सत्यापन करवा लें। संबंधित केन्द्र में दस्तावेज सत्यापन नहीं कराने पर आवेदन निरस्त हो जायेगा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि सत्यापन के उपरांत पात्र पाये गये आवेदकों को अशासकीय स्कूलों में सीटों का आवंटन, आवेदन की पात्रता अनुसार और आवेदक द्वारा प्रदत्त विकल्पों के आधार पर पारदर्शी ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा। मूल दस्तावेजों में मुख्यतः जाति प्रमाण पत्र, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये सत्यापन के लिए बच्चों को सत्यापन केन्द्र ले जाने की आवश्यकता नही है। पालक वर्तमान में मध्यप्रदेश में जिस जिले में है, उसी जिले में निकट के जनशिक्षा केन्द्र में जाकर सत्यापन करा सकते है। सत्यापन-कर्ता अधिकारियों को मोबाइल एप से सत्यापन करने की पारदर्शी व्यवस्था प्रारंभ की गयी है। सत्यापन के बाद तुरंत ही पालक को पात्र अथवा अपात्र होने की सूचना एसएमएस से भेजी जा रही है।*

### आरटीई एमपी मोबाइल एप

*स्कूल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष से आरटीई एमपी मोबाइल एप पालको की सुविधा के लिए प्रारंभ किया है। इस एप पर पालक आसपास के अशासकीय स्कूल और उनमें आरक्षित सीटों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। अपनी पात्रता जान कर आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर सकते है। पालक अपने निकट के सत्यापन केन्द्र और सत्यापन अधिकारियों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। पालक इस एप को गूगल प्ले-स्टोर से डाउनलोड कर सकते है। निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की 12 (1) (ग) के अर्न्तगत सत्र 2021-22 हेतु गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त प्रायवेट स्कूलों में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू है।*

# खंगार क्षत्रिय समाज द्वारा मनाया गया स्थापना दिवस व हुआ वृक्षारोपण

पुष्पांजली टुडे, लहार(अर्पित गुप्ता)।

खंगार क्षत्रिय समाज विकास समिति लहार द्वारा खंगार क्षत्रित समाज विकास समिति का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ कमलेश सिंह परिहार के निवास लहार में मनाया गया।तो वहीं स्थापना कार्यक्रम के साथ साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश सिंह परिहार हनुमंतपुरा के द्वारा की गई।कार्यक्रम में खंगार समाज के इतिहास को याद करते हुए समाज के समाजिक राजनैतिक एबं आर्थिक और शैक्षणिक विकास के सबंध में चर्चा की गई।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरेश सिंह ने कहा कि वृक्ष न हो तो हमे धरती पर जीना मुश्किल हो जाएगा इसलिए अपने आसपास वृक्षो का होना अतिआवश्यक है।वहीं कार्यक्रम में माता गजानन देवी की मूर्ति की स्थापना किये जाने हेतु कमलेश सिंह के द्वारा 1000 वर्ग फिट की स्वामित्व की



जगह दान में दिए जाने की पूर्व में घोषणा की गई थी उसपर भी मूर्ति स्थापित किये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में सुरेश सिंह,समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबू सिंह,सीएल वर्मा,विश्वनाथ सिंह,एन आर खेंगर,मुन्ना सिंह,राजेन्द्र सिंह,पुत्तू सिंह, प्रधुम्न सिंह,किशोर सिंह,रामप्रकाश,ओम प्रकाश,केएस परिहार के साथ सैकड़ो समाज के कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी एन आर खेंगर के द्वारा दी गई।

# विकास युवा मंडल टांका सिमिरिया द्वारा कोरोना योद्धाओं का किया गया सम्मान

रश्मि चौहान, पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर- विकास युवा मंडल सिमरिया टांका (ग्वालियर) द्वारा रविवार को ग्राम सिमरिया टाका में कोरोना योद्धा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन समाज सेवी भानू चौहान की देख रेख में किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के डॉक्टर, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, समाजसेवियों एवं युवा मंडल के सक्रिय सदस्यों (लगभग-100 कोरोना योद्धाओं) का सम्मान शॉल, श्रीफल, प्रमाण पत्र व कोरोना वेक्सिनेशन जागरूकता वाली प्रिंटेड टीशर्ट प्रदान कर किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री केशव सिंह चौहान जी नोडल अधिकारी नगर निगम ग्वालियर विशिष्ट अतिथि श्री भानुप्रताप सिंह




चौहान शासकीय अधिवक्ता हाईकोर्ट ग्वालियर, श्री चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज ग्वालियर, श्री निहाल सिंह चौहान संचालक मिशन गांव की ओर संस्था व सुश्री नेहा जादोन जिला युवा अधिकारी नेहरू केंद्र युवा ग्वालियर थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री पदम सिंह चौहान पूर्व सरपंच द्वारा की गई कार्यकम का संचालन मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता श्री गजेन्द्र रावत व मंडल के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप चौहान व आभार प्रदर्शन मंडल के संरक्षक श्री गजेन्द्र सिंह चौहान ने किया, कार्यक्रम में मंडल के सभी साथियों द्वारा सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया, कोरोना को रोकने व बचाब एवं वेक्सिनेशन कराने की शपथ ली।

# पूर्व विधायकों द्वारा की जा रही है मेरी छवि धूमिल करने की कोशिश : मेवाराम

## प्रशासनिक अधिकारी नहीं कर रहे हैं समस्याओं का हल

मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे

गोहद विधानसभा क्षेत्र में पानी विद्युत नामांतरण अवैध वसूली आदि कई समस्याएं हैं जिनको लेकर एसडीएम कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक तक पत्र व्यवहार के जरिए से शिकायत की गई हैं कई बार फोन से भी चर्चा की गई है लेकिन किसी भी प्रकार की कोई समस्या का हल नहीं किया गया भाजपा सरकार में पूर्व विधायकों द्वारा अपने चहेते अधिकारी पदस्थ किए गए हैं मैं विपक्ष का विधायक हूं इस कारण प्रशासनिक अधिकारी पूर्व विधायकों एवं भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं जिससे मेरी छवि धूमिल हो जाए विद्युत विभाग द्वारा अघोषित कटौती की जाती है जिससे गर्मियों में लोग परेशान हैं मनमाने बिल दिए जा रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों में भी हेड पंपों में मोटर



डली होने से बिजली न होने के अभाव में पानी नहीं मिल पा रहा है वही नगर पालिका द्वारा अस्थाई दखल ठेका किया गया है जिस पर टमटम तीन पहिया वाहन आदि से अवैध रूप से वसूली की जा रही है जिसकी शिकायत पूर्व में सीएमओ एसडीएम एवं कलेक्टर से की गई थी जहां समस्या हल करने का आश्वासन मिला लेकिन समस्या जस की तस बनी रही वही उपचुनाव के समय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 133 करोड़ की जल आवर्धन योजना का शिलान्यास किया गया था लेकिन उसका भी अभी तक कोई काम जारी नहीं हुआ है विधानसभा की बड़ागर बडेरा पाली डिरमन झांकरी सहित कई गांव में क्रेसर लगा दिए गए हैं मिट्टी खनन कर के किसानों के खेतों में जबरदस्ती डाली जा रही है जिसकी शिकायत भी मेरे पास आए हैं इन सभी समस्याओं को लेकर कई बार अधिकारियों से एसडीएम से लेकर कलेक्टर तक चर्चा की गई है लेकिन समस्याओं पर कोई हल नहीं हुआ है इसके लिए 2 जुलाई को हम कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आहूत करेंगे जिसमें आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी और समस्याएं हल न होने पर आंदोलन किया जाएगा यह बात प्रेस वार्ता के दौरान मेवाराम जाटव ने अपने बंगले पर कहीं साथ ही पत्रकारों का भी सम्मान किया इस अवसर पर किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशीष गुर्जर शहर अध्यक्ष टोनी मुद्गल साबू खान नरोत्तम चौरसिया केदार कौशल बबलू बरैया गायत्री माहौल मालती जाटव देवेंद्र पाठक राजेन्द्र परिहार धारा सिंह मनोज गुप्ता बंटी गुर्जर सहित अन्य लोग भी मोजूद थे।



# वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद बलवीर सिंह तोमर जी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया

अमित शर्मा, पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर /** पुष्पांजली जनकल्याण फाउंडेशन द्वारा वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद श्री बलबीर सिंह तोमर जी का जन्मदिन पर फाउंडेशन टीम के सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया इस अवसर पर फाउंडेशन की तरफ से भरत चौहान सचिव पुष्पांजली जन कल्याण फाउंडेशन रश्मि चौहान प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह राजावत, शैलेश सिंह कुशवाह विपिन तोमर ने पार्षद जी को फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनके जन्मदिन को मनाया गया इस अवसर पर अन्य साथी गण भी उपस्थित थे।

# सरपंच और सचिव की मिलीभगत से ग्रामीण परेशान,शासन को लगा रहे चपत

## ग्रामीणों ने लगाए घोटाला करने के आरोप

उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।।** जिले की नगर परिषद फूप के अंतर्गत ग्राम भदाकुर के सरपंच व सचिव द्वारा तालाब व खेत की मेड़वंदी करवाने के नाम पर हजारों रुपए का घोटाला करने का मामला सामने आया है जिसमें किसान वृन्दावन नामक एक मृत व्यक्ति जिसकी मृत्यु लगभग डेढ़ साल पहले हो चुकी है उसके नाम पर फर्जी तरीके से करीब 62 हजार रुपए का फर्जी भुगतान कराकर घोटाले को अंजाम दिया गया है तथा दूसरा मामला सचिव व सरपंच द्वारा वीरेन्द्र सिंह बघेल नामक व्यक्ति के खेत में मेड़वंदी कार्य करवाने के एवज में करीब 27 हजार रुपए का भुगतान कर घोटाला किया गया है।जिसकी जानकारी जब वीरेंद्र द्वारा ली गयी तो उनके द्वारा इस मामले की कोई भी सूचना ना होने की बात कही गयी तथा इन घोटालों की जानकारी ग्रामीणों को मिलने पर उनके द्वारा इसकी सूचना जिला पंचायत सीईओ को देकर सब इंजीनियर द्वारा मामले की जाँच करायी गई जिसमें सचिव द्वारा किये गए घोटाले को सच पाया गया।एवं ग्रामवासियों द्वारा सचिव पर रुपए लेकर काम करने के भी आरोप लगाए गए।तथा सचिव को जल्द से जल्द हटाये जाने की कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई।




### इनका कहना-

सरपंच और सचिव मिलकर कई घोटालों में संलिप्त है जिनके खिलाफ आवेदन देकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

**कुलदीप सिंह ग्रामीण।**

मामले की अपने संज्ञान में लेकर जाँच कर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाएगी।

**जे. के.जैन**
**सीईओ जिला पंचायत भिण्ड**



## लायंस क्लब द्वारा कई स्कूलों में किया गया वृक्षारोपण

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

**एटा।** सोमबार को लायन्स क्लब द्वारा जिले के तीन स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान अलीगंज रोड स्थित लोकमनदास इंटर कॉलेज, शिकोहाबाद रोड स्थित ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल व निधौली रोड स्थित आईडियल पब्लिक स्कूल में करीब 400 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर लायन्स क्लब ज़ोन प्रभारी अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि हमारे द्वारा 3 जुलाई तक 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर तीनों स्कूल प्रबंधक जो कि लायन्स क्लब के सदस्य भी हैं मौजूद रहे। वहीं इस मौके पर स्वागत पचौरी, डॉ अमन चौहान, अतुल सिंह चुन्ना, देवेश पाल सिंह, डॉ आकाश भदौरिया, आशीष चौहान, निश्चल सक्सेना, देव सोलंकी, आदर्श मिश्रा , अतुल राघव आदि सदस्य भी मौजूद रहे।

# योग साधिका अंजली गौर ने अपने जन्मदिन पर लिया 100 फलदार पौधे लगाने का संकल्प

विनोद पाठक ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे



**श्योपुर -** पतंजलि योग परिवार व नवचेतना युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में निरन्तर दो वर्ष से चलरहे योग शिविर में शिविर की उत्कृष्ट योग साधिका अंजलि गोर का जन्मदिन दोनो संगठन के प्रमुख लोगो ने जतिघाट पर चलरहे योग शिविर में बड़े अनोखे ढंग से मनाया जिसमे अंजलि गोर ने इन आने वाले तीन माह में एक सो(100)पौधे लगाने का संकल्प लिया उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता पतंजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष अमित सिंह चौहान ने की व मुख्यातिथि के रूप में नवचेतना युवा संगठन के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा रहे एवं संचालन योग गुरु मुकेश पाराशर ने किया जहां अमित सिंह चौहान ने कहा कि अंजलि हमारी योग शाला की सबसे उत्कृष्ट योग साधिका है और हम भलेही अलग अलग समाज से हो लेकिन योग से जुड़कर हमारा खुद का यह एक परिवार है इसनाते हम सभी एक परिवार के सदस्य है और यह बड़े गर्व की बात है कि अंजलि जैसी योग साधिका हमारे परिवार का हिस्सा है जिसने विगत दो वर्ष में सभी कठिन से कठिन योग आसन सीखलिये है और आज यह जिले की एक मात्र ऐसी योग साधिका है जो योग में पूर्ण रूप से पारंगत है हम शीघ्र ही हमारे पतंजलि परिवार में अंजलि को एक बड़ी जवाबदारी दिलवाने जारहे है ,साथ ही नवचेतना युवा संगठन के देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि अंजलि हमारे परिवार की एक मात्र ऐसी साधिका है जिनसे जिरन्तरता के साथ महनत ओर लगन से योग को किया है और आज वह जिले की एक मात्र उत्कृष्ट योग साधिका है जो जटिल से जटिल योग को सुगमता से करलेती है साथ ही योग गुरु मुकेश पाराशर की भी जितनी सराहना की जाए कम है जो रात दिन महनत करके इसतरह के योग साधक तैयार कर रहे है ,अंत मे सभी ने बारी बारी से पुष्प गुच्छ भेंट कर अंजलि को बधाई दी जिसके बाद जतिघाट पर ही पौधा रोपण किया गया जिसके बात अंत मे स्वल्पाहार से साथ कार्यक्रम का समापन हुआ उक्त कार्यक्रम में युग गुरु मुकेश पाराशर,शैलू जेन,दीनदयाल गौर, अमन शर्मा, अनिल शिवहरे, अर्पित गुप्ता,सोनू गोयल,संजय माहौर,गिर्राज सुमन,शंकर सुमन,सन्नी श्रीवास्तव, लख्मी शिवहरे, तरुण सुमन,यशवी गोर आदि उपस्थित रहे।



## सफाई कर्मचारियों की ही परेशानी हमारी परेशानी : समीर

मोहन मांझी , पुष्पांजली टुडे

गोहद नगर पालिका सफाई कर्मचारी यूनियन संघ ने समीर खान को सर्व सहमति से अध्यक्ष नियुक्त किया है मंगल भवन पर नवनियुक्त अध्यक्ष का माला एवं पुष्प पहनाकर स्वागत किया गया वही भोजन व्यवस्था भी रखी गई नवनियुक्त अध्यक्ष समीर खान ने इस अवसर पर कहां की सफाई कर्मचारी के एक एक सदस्य की समस्या की जिम्मेदारी हमारी होगी इस मौके पर सब सवाई यूनियन संघ में रामसहाय माहौल को कोषा अध्यक्ष कुलदीप राठौर को सचिव कल्ला खटीक को महासचिव का पदवी सौंपा गया अध्यक्ष द्वारा गोहद पत्रकारों का श्रीफल एवं नारियल से सम्मान किया गया।




## विद्यार्थी परिषद की मासिक बैठक हुई संपन्न

पुष्पांजली टुडे

**शिवपुरी /** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई-पिछोर की मासिक बैठक प्रत्यक्ष रुप से हुई सम्पन्न।जिले के संयोजक मयंक राठौर द्वारा ली गई इस बैठक में दूसरी लहर के दौरान विद्यार्थी परिषद द्वारा किये गये अनेक सेवाकार्यों पर वृहद चर्चा की गई।बैठक में परिषद के पूर्व कार्यकर्ता श्री राजीव जी पाठक भाईसाहब,विपिन जी शर्मा एवं निलयराज जी भट्ट का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य देवाशीष जी भदौरिया,नगर अध्यक्ष रामपाल जी लोधी,नगर मंत्री दीपक जी पाल,सत्यम जी शर्मा,संजीव पाल कार्यालय मंत्री ,आयूष जी शर्मा शिवम जी पाठक,सत्येंद्र जी विदुआ,शिवराज जी वर्मा,प्रथम अग्निहोत्री व इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेहगांव अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के निर्देशन से प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की अगुवाई में जिला कांग्रेस

पुष्पांजली टुडे




मेहगांव सेवादल भिंड के ब्लॉक कांग्रेस सेवादल गोरमी ने आज तहसील प्रांगण में धरना दिया कुशासन मुक्ति आंदोलन के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के उपाध्यक्ष श्री बृजकिशोर शर्मा ने कहा है कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और रोजमर्रा की राशन पानी के भाव इस तरह से बढ़ गए हैं आम आदमी का जीना हराम हो गया डीजल पेट्रोल रसोई गैस के दाम दिन में दो बार बढ़ जाते हैं सरकार हाथ पर हाथ रखकर देखती रहती है पेट्रोलियम कंपनी पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रहा है इस अवसर पर जिला कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने कुशासन मुक्ति आंदोलन के ज्ञापन का वाचन किया ब्लॉक कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष धर्मेंद्र पाराशर में आज इस अवसर पर कहा सेवा दल के कार्यकर्ता कोने कोने में जाकर भाजपा सरकार के खिलाफ आम जनता को जगायेंगे ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नरवरिया पूर्व नगरपालिका के उपाध्यक्ष जनरल सिंह भदोरिया पूर्व ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष जगत सिंह यादव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री दारा सिंह गुर्जर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष लाइक सिंह गुर्जर पूर्व नगर परिषद के उपाध्यक्ष लालू दीक्षित जिला कांग्रेस के महामंत्री अजब सिंह गुर्जर युवा कांग्रेस के नेता राहुल भदौरिया जिला कांग्रेस के सचिव मनीष शिवअरे धर्मेंद्र भदोरिया एवं जिला कांग्रेस के पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस के डब्बू पंडित गोल्डी शर्मा पदाधिकारी और सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने आज धरना प्रदर्शन में भाग लिया।

# विद्युत विभाग की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

## विद्युत कर्मचारी नहीं सुनते आमजन की बात जिला कांग्रेस कमेटी ने किया धरना प्रदर्शन

उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर



**भिण्ड।।** शहर में विद्युत विभाग की मनमानी के चलते आमजन को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है शहर में बिजली सप्लाई की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है शहर में बिजली की समस्या को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव राहुल सिंह कुशवाह द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए कुछ तथ्य बताये।

शहर में कई जगह ट्रांसफार्मर बंद पड़े हुए है उन्हें चालू किये जाने संबंधी जानकारी विभागीय कर्मचारियों को दी गयी।तथा विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार की जाँच कराई जाए।और जाँच में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की जावे।और शहर की विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाए जाने हेतु सार्थक प्रयास किये जाने के लिए ज्ञापन दिया।ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से राहुल सिंह कुशवाह सचिव जिला कांग्रेस कमेटी भिण्ड, ममता मिश्रा, संतोष त्रिपाठी,दीपू दुबे, राजमणि शर्मा, अंकित तोमर, सिवांश शर्मा, अनीस कुरेशि, आदिल क़ाज़ी, अनस खान, अरबाज़ पठान, डेनी पंडित, सोनू तोमर, सानुज चौहान, शिवम् सेंथिया, मोहित कुशवाह, शक्ति कुशवाह, विनीत बंटी, कल्लू जैन, यश जैन, विक्की भदोरिया, थारु चौहान, विक्की कुशवाह, आदित्य पुरोहित, सुम्मी बघेल, रिशेंद्र कुशवाह, वैभव चौहान, इमरान खान, आदि मित्रगण?

### उपभोक्ताओं का कहना

रसूखदारों पर मेहरवानी करते है जिनका बिल 50000 के ऊपर है उनका कनेक्शन नहीं काटा जाता है और क्योंकि उनकी पहुंच ऊपर तक है और जिनका बिल 5000 है उनका कनेक्शन काट दिया जाता है।और अनुमानित बिल दिया जा रहा है।

### इनका कहना

मामले की जानकारी प्राप्त करके दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।बिजली आपूर्ति को लेकर कर्मचारी प्रयासरत हैं।जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

**दिनेश सुखीजा**
**महाप्रबंधक अधीक्षण यंत्री**
**म. प्र. विद्युत वितरण कंपनी**
**भिण्ड।**

# सरकार खपत होने वाली बिजली रीडिंग का कराएगी सत्यापन

## अगले महीने से रुकेगी बिजली बिल में गड़बड़ी




**भोपाल ।** प्रत्येक महीने आपके घर में खपत होने वाली बिजली रीडिंग का राज्य सरकार अब सत्यापन कराएगी। इसका फायदा हजारों उपभोक्ताओं को होगा। इससे रीडिंग लेते समय होने वाली गड़बड़ी पकड़ में आएगी और गड़बड़ बिल जारी नहीं होंगे। अभी कई उपभोक्ता बिलों में गड़बड़ी से परेशान होते हैं। यह व्यवस्था मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल समेत सभी शहरों में मंगलवार से शुरू करेगी। जुलाई से मिलने वाले बिलों में गड़बड़ी नहीं होगी। अभी मीटर वाचकों को इसके लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बिलों के सत्यापन के ?लिए मीटर वाचक रीडिंग लेंगे। उसे रिकॉर्ड में दर्ज करेंगे। मीटर का फोटो लेंगे। रीडिंग व मीटर का फोटो साफ्टवेयर में अपलोड करेंगे। यह रिकार्ड दूसरे जिले के किसी भी मीटर वाचक को मोबाइल में डाउनलोड एप पर आवंटित होगा। संबंधित मीटर वाचक पंच की गई रीडिंग व मीटर के फोटो में दिखाई दे रही रीडिंग का मिलान करेंगे। यदि दोनों माध्यमों से ली गई रीडिंग सही है तो %यस% का विकल्प चुनेगा और अंतर मिलने पर %नो% का विकल्प चुनेगा। %यस% के विकल्प का बटन दबाते ही संबंधित उपभोक्ता को बिल जारी हो जाएंगे। %नो% करने पर संबंधित जोन के अधिकारी के पास मैसेज जाएगा। इसके बाद उपभोक्ता के मीटर की रीडिंग दोबारा होगी, तब उसे बिल जारी होगा। इस तरह गड़बड़ बिल जारी होने से बचेंगे। सत्यापन की जरूरत इसलिए पड रही है क्यों ?कि कई बार मीटर वाचक रीडिंग लेने नहीं आते। औसत खपत का बिल देते हैं।

## बसों को आम दिनों की तरह नहीं मिल रहे हैं यात्री

**भोपाल ।** कोरोना लॉकडाउन अनलॉक होने के बाद प्रदेश के अलग-अलग मार्गों पर चल रहीं बसों को आम दिनों की तरह यात्री नहीं मिल रहे हैं। इस वजह से बस यात्री को अपनी मं?जिल तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड रहा है। अनलॉक में धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही यात्री बस सेवा लोगों के लिए असुविधाजनक साबित हो रही है। भोपाल से इंदौर, सागर, बैतूल, जबलपुर सहित कई मार्गों पर यात्री बसें चलाई जा रही है लेकिन इन्हें पर्याप्त यात्री नहीं ?मिलने से नुकसान उठाना पड रहा है। अनलॉक में भी 25 फीसद से अधिक यात्री बसों में सफर नहीं कर रहे हैं। कोरोना के कारण लोग अब भी अपने निजी वाहनों से यात्रा कर रहे हैं। यात्री बसों में जो 25 फीसद यात्री आना-जाना कर रहे हैं, उन्हें आए दिन परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।

# श्री जटाधारी मठ के मंहत श्रीश्री1008 नंदूदास महाराज की ताजपोशी

संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर



**मेहगांव :** वेसली नदी के किनारे हर किस्म के ब्रक्षो के सघन वन के नाम से सुविख्यात जटाधारी आश्रम मे फलदार ब्रक्षो की अनेक किस्मों के साथ क्षायादार ब्रक्षो के इस सघन वन जिले की तहसील मेहगांव मे एक मनोहर सघनवन स्थिति है,

मेहगांव तहसील के मो रोड पर स्थिति ग्राम अजनौल वेसली नदी के किनारे महाराज जटाधारी आश्रम के मंहत श्रीश्री 1008 तत्वानंद जी महाराज जी अपने जीवनकाल की 90 बर्ष की आयु प्राप्त करने उपरांत ब्रद्धावस्था के चलते आश्रम को सुचारू रूप से स्वव्यवस्थित रूप से संचालित बनाऐ रखने के लिए एंव संत परंपरा के अनुसार सुयोग्य संत को आश्रम की देखभाल करने एंव संतो के आवागमन पर संतो की सेबा परंपरागत सुव्यबस्थित सुचारू रूप से चलती रहे इस वावत सरल सहज संत श्री श्री 1008 नंदूदास महाराज जी को सनानत पावन पर्व गंग दसहरा की पावन वेला मे क्षैत्र के गणमान्यजन के समझ आश्रम जटाधारी मठ का संपूर्ण दायत्व सोपते हुऐ आश्रम की समस्त व्यवस्थाओ की देखभाल एंव संत समागम के सनातन संत परंपरा का निर्वहन करने का दायत्व सौपते हुऐ श्रीश्री 1008 नंदूदास महाराज जी की संत परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ माल्यार्पण तिलक करते हुऐ आश्रम के मंहत स्वरूप ताजपोशी की गई, तत्वानंद महाराज जी दिव्यज्योति मे विलीन स्वामी योगानंद सरस्वती जी महाराज बाराकला को अपना गुरू बनाकर शिष्य परंपरा के बडी संजीदगी के साथ निर्वहन करते हुऐ आश्रम जटाधारी को विकसित एंव संरक्षित करने मे अपने जीबन काल के बहुमूल्य 50 बर्ष सेबाकाल मे समर्पित किये मगर समय के अनुसार अब अस्ताचल की ओर प्रस्थान से पूर्व अवधूत संत महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 बालकदास महाराज के शिष्य श्रीश्री 1008 नंदूदास महाराज को आश्रम के मंहत स्वरूप ताजपोशी कर संपूर्ण भार सोपते हुऐ स्वयं भार मुक्त होकर अखिलकोटि ब्रहांड नायक परमपिता की शरणागत शांतिपूर्ण जीवन निर्वहन करेगे, इस अवसर पर उपस्थित डाक्टर गजेन्द्र सिह परमार, केप्टन रविद्रसिह परमार, एडबोकेट रामनिवास सिह भदौरिया धनोली,ब्रजमोहन सिह कुशवाह बरहद, धर्मसिह अजनौल, साहबसिंह, रामभुवन सिह परमार, देवेन्द्र पाराशर बरहद, मुन्नेश शुक्ला सरसेड, सहित आसपास क्षैत्र के गांव से काफी संख्या मे गणमान्यजन उपस्थित हुऐ।

# पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम भिंड जिले के 1480 मतदान केंद्रों पर संपन्न हुआ कार्यक्रम

### वीडियो कॉन्फ्रेंस और टीवी चैनलों रेडियो माध्यम से सुने उनके विचार

### पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात के विचारों को कार्यकर्ता पोलिंग बूथ हो तक पहुंचाएंः नाथू सिंह गुर्जर

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा भिंड जिले के सभी 26 मंडलों के 1480 बूथ केंद्रों एवं बूथ अध्यक्ष एबम बरिष्ठ नेताओ के आवास पर पीएम नरेंद मोदी के मन की बात प्रसारित कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ नेतागणएसहित कार्यकर्ता को शामिल हुए, इस कार्यक्रम को सभी मंडलों मंडल के बूथ अध्यक्ष, पालक संयोजक,सह संयोजक मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं लहार मंडल में निवास करने वाले पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ताओं को उपस्थित होकर अपने अपने बूथ स्तर व ग्राम केंद एवम घरों पर चुना गया। भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने देश के खिलाड़ियों युवाओं महिलाओं एवं किसानों गरीब मजदूरों के लिए अपने विचारों से हमें प्रेरणा दी है जिसे पार्टी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए सर्व समाज के लोगों के घर.घर तक पहुंचाने का कार्य की जिम्मेदारी का लक्ष्य संभाल कर कार्य करें ताकि मोदी जी के विचार भाव उन तक पहुंच सके।

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के दौरान भारत में खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभाओं को निखारने वाले खिलाड़ियों के प्रति कहा कि यह भारत खेल के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं ऐसे कई खिलाड़ी है जिन्होंने भारत के गौरव को बढ़ाया है। पीएम मोदी ने कहा 21 जून को एक ही दिन में पूरे भारतवर्ष मैं कोविड-19 से बचाव कार्य के लिए वैक्सीनेशन टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया था जिसमें 86



लाख मुफ्त में लोगों ने टीका लगवाए जिसमें जन सेवा भाव से काम करने वाले सभी युवाओं सर्व समाज की जनता ने भाग लेकर इस अभियान को गति प्रदान की है साथ ही उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए भी वैक्सीन लगवाने के लिए युवाओं को जग किया। उन्होंने कहा देश की जनता को मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा जो लोग वैक्सीन टीकाकरण अभियान में जनता को झूठा भ्रमित करने का काम कर रहे हैं ऐसे लोगों से हमें सावधान रहना है गांव गांव का हर बूथ कोविड.19 से मुक्त हो इसके लिए आप सब की सुरक्षा का संकल्प हमारे पास है हमने मुफ्त में वैक्सीन लगवाने का निर्णय लेकर आप सब की रक्षा करने का कार्य किया है इस महामारी से बचने के लिए बक्सर ही सुरक्षा कवच है और अधिक से अधिक संख्या में मास्क पहनकर घर में रहे सुरक्षित रहें यह जिम्मेदारी हम सबको अपने दायित्व को सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष लोकसभा सांसद संध्या राय, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया, नगरीय प्रशासन आवास मंत्री ओ पी एस भदौरिया, पूर्व विधायकों में वरिष्ठ नेता रसाल सिंह मथुरा प्रसाद, महंत शिव शंकर समाधिया, श्री राम जाटव मुन्ना सिंह भदौरिया एवं सभी बूथ अध्यक्ष और स्थानी समिति के साथ-साथ सर्व समाज के मतदाताओं ने भी पीएम नरेंद्र मोदी जी के विचारों को सुना।

## प्रकृति की बात प्रकृति के साथ करते हुए, पर्यावरण मंथन पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

### पर्यावरण मंथन एवं तुलसी वितरण कार्यक्रम का आयोजन



भिण्ड। भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी रहे स्व. डॉ. श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में 27 जून दिन रविवार को गफ्फार मैरिज गार्डन में पर्यावरण मंथन एवं तुलसी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार बंधु सामाजिक संगठनों के सदस्यगण और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। पर्यावरण मंथन संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर रामानंद शर्मा ने कहा कि मृदा प्रदूषणएवायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग आदि पर्यावरण असंतुलन के परिणाम है। पर्यावरण का सीधा संबंध प्रकृति से है हम तरह.तरह के जीव.जंतुए पेड़-पौधे तथा अन्य सजीव. निर्जीव वस्तुएं पाते हैं। आज आधुनिक समाज को पर्यावरण से संबंधित समस्याओं की विस्तृत अध्ययन के साथ-साथ पर्यावरण का व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाए। इसी क्रम में हरे कृष्ण शर्मा ने कहा कि हम अपने पर्यावरण को संतुलित रखने हेतु चिंतन करें और पर्यावरणीय संसाधनों का इस प्रकार युक्त उपयोग करें कि होने आने वाली पीढ़ियों को भी हम धरोहर के रूप में हस्तांतरित कर सकें। पर्यावरण संगोष्ठी में शशिकांत शर्मा ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण में मुख्य बाधक बढ़ती जनसंख्या व प्रगति के नाम पर आर्थिक लाभ के लिए वनों को अधिवक्ता गति से काटा जाना बताया उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों लोगों को यह संकल्प लेना चाहिए कि एक-एक पौधा अवश्य लगाएं।

## किसानों ने समस्या हल कराने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

भिण्ड/रौन। तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहदा के किसानों ने सोमवार को कलेक्टर सतीश कुमार एस को एक आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। इस दौरान किसान रामकुमार पाठक ने कलेक्टर से कहा कि वर्ष 2005 से लेकर 2016 तक कि किसानों की पंजी पटवारियों के द्वारा तहसील कार्यालय रौन में जमा नहीं की गई, जिस कारण से लगभग 250 किसानों की जमीन नामांतरण होने के बाद भी ऑनलाइन पोर्टल पर नही चढ़ाई जा रही है। इससे किसानों को अनेक समस्याओं से जूझना पड रहा और उनके काम रुके हुए है। समस्या को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर सतीश कुमार ने रौन तहसीलदार को रौन को फोन लगाकर फटकार लगाते हुए 7 दिन के अंदर ग्राम पंचायत मेंहदा के किसानों की समस्या को हल करने के आदेश दिए, साथ ही कलेक्टर ने उस समय के सभी पटवारी, वर्तमान पटवारी, तहसीलदार को मीटिंग हेतु भिण्ड बुलाया है ताकि समस्या को जल्द से जल्द हल किया जा सके। कलेक्टर ने किसानों को आश्वस्त



किया है कि मामले को गंभीर रूप से लिया गया है और हम तत्काल प्रभाव से आपकी समस्या को हल करेंगे। इस मौके पर ग्राम पंचायत मेहदा रामकुमार पाठक, नागेंद्र सिंह, मुन्नालाल शर्मा, मुलू पाठक, मुस्ताक, धर्मेंद्र सिंह, शैलेष, बनवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## वसुंधरा श्रंगार युवा मंडल के सदस्य ने जन्म दिवस के अवसर पर 80 पौधे रोपे

### आधुनिकता की दौड़ में वृक्षों की महत्वता को न भूले प्रोफ़ेसर इकबाल अली

भिण्ड। छठवीं नर्वदेश्वर नक्षत्र वाटिका ग्राम भटमास पुरा में मंडल के सदस्य अमन तिवारी ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर सोमवार को भारतीय संस्कृति के अनुरूप अपने जन्म नक्षत्र के पौधे का पूजन किया एवं 80 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रो. इकबाल अली ने बताया प्रत्येक धर्म में वृक्षों का अपना एक स्थान है मनुष्य के जीवन की कल्पना बिना वृक्षों के संभव नहीं हमारे पूर्वजों ने जितने वृक्ष दिए हैं और हम



भी प्रयास करें कि आधुनिकता के दौर में आगे आने वाली पीढ़ी के लिए प्राकृतिक संपदा को सजोये रखें नष्ट न करें इसलिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें पहले लोग कहते थे आने वाले समय में लोग सिलेंडर लेकर चलेंगे जिसकी झलक वर्तमान समय में हम सभी ने देखी लेकिन आने वाले समय में प्राणवायु की कमी न आए इसका ध्यान भी हम सबको रखना है। कार्यक्रम में समाजसेवी नितिन दिक्षित ने बताया हम सभी को प्रत्येक अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और लगाने के साथ उसके संरक्षण का भी ध्यान रखना चाहिए वहीं दीक्षित ने बताया समाज में निस्वार्थ भाव से कार्य करने से समाज में सकारात्मक परिणाम मिलते हैं युवा समाजसेवी धर्मवीर यादव ने बताया हर व्यक्ति को अपने जन्म दिवस के अवसर पर अपनी राशि या जन्म नक्षत्र का एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी संरक्षण संवर्धन का भी ध्यान रखना चाहिए क्योंकि वृक्ष अध्यात्म की दृष्टि से भी हम सब के जीवन पर सकारात्मक परिणाम देते हैं इसलिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें वही अंत में मंडल अध्यक्ष हरे कृष्ण शर्मा आजाद ने बताया पूर्व में स्थापित की गई वाटिका के सभी पौधे मंदिर महंत एवं ग्रामीणों के सहयोग से पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

# बिजली कंपनी के अधिकारियों को दी खुली चुनौती, समस्या का शीघ्र नहीं किया गया निराकरण तो आंदोलन होगा देखने लायक

## महाप्रबंधक को सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर युवाओं ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

भिण्ड। कांग्रेस कमेटी के युवा नेता राहुल सिंह कुशवाह के नेतृत्व में सोमवार को सैंकड़ों की संख्या में बढ़ते बिजली बिल व बिजली घर के कर्मचारी काम को लेकर बरत रहे लापरवाही को लेकर बिजली घर का घेराव करते हुए तालाबंदी की और महाप्रबंधक दिनेश कुमार एवं उप महाप्रबंधक शुभम चौधरी को खुली चुनौती देते हुए आगाह किया है कि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन देखने लायक होगा यह बात राहुलसिंह कुशवाह ने कही। विगत माह से बिजली कंपनी मनमाने ढ़गे से आंकलित खपत के बिल भेजकर लोगों को परेशान कर रही है, दिन में कईबार बिजली कटौती हो रही है, इसके साथ ही रीडर सही से मीटरों से रीडिंग नहीं ले रहे हैं, शहर भर में लगी ट्रांसफार्मर जो सालो से बंद है उन्हें तत्काल चालू कराया जाए, विद्युत ईकाया की वसूली प्राइवेट ठेकेदारों से न कराकर विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों से ही करायी जाये, आंकलित खपत के बिल न भेजकर मीटर से हर माह रीडिंग ली जाये, विभाग में किये जा रहे भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाये, कोरोनाकाल में लॉकडाउन की अवधि के दौरान उपभोक्ताओं के बिल आगामी एक वर्ष के लिए स्थगित किये जायें आदि समस्याओं को लेकर शहर के वाटर वर्क्स कांग्रेस कार्यकर्ता व युवा नेताओं ने बिजल दफ्तर का घेराव करते हुए हल्ला बोल दिया, जिसे देखकर अधिकारियों की जीव लड़खड़ाने लगी। इस दौरान युवा नेता ने कहा कि शहर और ग्रामीण अंचल में बिजली सफ्लाई की व्यवस्था बुरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है इसलिए समस्या का जल्द निराकरण नहीं किया गया तो आंदोलन करने पर विवश होना पड़ेगा।






### कांग्रेस के युवा नेता ने यह रखी मांगे

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस कमेटी के युवा नेता राहुल सिंह कुशवाह ने मांगे रखी, जिसमें शहर की बिजली सफ्लाई की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से दुरस्त की जाए, शहर भर में लगी ट्रांसफार्मर जो सालो से बंद है उन्हें तत्काल चालू कराया जाए, विद्युत ईकाया की वसूली प्राइवेट ठेकेदारों से न कराकर विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों से ही करायी जाये, आंकलित खपत के बिल न भेजकर मीटर से हर माह रीडिंग ली जाये, विभाग में किये जा रहे भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाये, कोरोनाकाल में लॉकडाउन की अवधि के दौरान उपभोक्ताओं के बिल आगामी एक वर्ष के लिए स्थगित किये जायें।

### ज्ञापन के दौरान यह लोग रहे मौजूद

ज्ञापन देने में मुख्य रूप से युवा नेता राहुल सिंह कुशवाह, ममता मिश्रा, संतोष त्रिपाठी कार्यकारी अध्यक्ष, युवा कांग्रेस जिला संयोजक दीपू दुबे, राजमणि शर्मा, अंकित तोमर, सिवांश शर्मा, अनीस कुरेशि, आदिल क़ाज़ी, अनस खान, अरबाज़ पठान, डेनी पंडित, सोनू तोमर, सानुज चौहान, शिवम सेंथिया, मोहित कुशवाह, शक्ति कुशवाह, विनीत बंटी, कल्लू जैन, यश जैन, विक्की भदोरिया, थारु चौहान, विक्की कुशवाह, आदित्य पुरोहित, सुम्मी बघेल, रिशेंद्र कुशवाह, वैभव चौहान, इमरान खान एवं मित्रगण उपस्थित रहे।

### गायत्री मंदिर में किया गया बैठक का आयोजन




मौ। कस्बा क्षेत्र के गायत्री मंदिर में कोरोनावायरस मुक्त भारत के लिए स्वदेशी जागरण मंच इकाईयों मौ द्वारा बृहद बैठक एवं जन जागृति रैली का आयोजन स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय स्तर पर चलाए जा रहे कोरोना मुक्त भारत अभियान के तहत संपूर्ण देश में विश्व जागृति अभियान का आयोजन किया जा रहा है इसी के तहत मुरैना विभाग जिला भिंड की इकाई द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया और बैठक के बाद नगर में जागृति रैली का भी आयोजन किया गया। बैठक में मुरैना विभाग संयोजक ब्रजमोहन शर्मा, जिला संयोजक मनोज थापक, समाजसेवी संजय यादव, इकाई के संयोजक अजीत सिंघाई, गिर्राज सोनी, धर्मेंद्र यादव महासभा के अध्यक्ष रणविजय सिंह गायत्री परिवार तथा समाज के वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ता विनोद बाथम, कमलकिशोर आदि लोग उपस्थित थे।

## भिंड के ईंगरी-बगलुरी गांव में धरती फटी

### *एक्सपर्ट बोले- जल स्तर कम होने से होता है भूस्खलन*

*भिंड, ब्यूरो*

*भिंड जिले के पावई थाना क्षेत्र में ईंगरी व बगलुरी गांव में दो जगह जमीन में डेढ़ से दो फीट गहरी दरारें हुई हैं। यह भू-स्खलन की घटना से दोनों गांव के लोग, भयभीत है। इस घटना पर जिला प्रशासन ने एक्सपर्ट से राय मांगी है। प्राथमिक तौर पर यह घटना जमीन का जलस्तर गिरने की वजह मानी जा रही है।*

*पिछले दो साल में ईंगरी व बगलुरी गांव के नजदीक खेतों में यह घटना दूसरी बार हुई है। इस बार यह घटना तीन रोज पहले ईंगरी गांव के*



### जमीन में 200 मीटर लंबी डेढ़ से दो फीट चौड़ी दरार को देख लोग भयभीत

*सरकारी स्कूल के पास हुई है। यहां खेतों में दो सौ मीटर लंबाई में और डेढ़ से दो फीट की चौड़ाई में दरार पड़ गई है। इसी तरह से बगलुरी गांव के मौजे में घटना हुई है, जोकि इस स्थान से करीब एक किलोमीटर दूरी है। इस स्थान से करीब एक से डेढ़ किलो मीटर दूरी पर क्वारी नदी की बीहड़ है। जहां क्वारी नदी बहती है। इस घटना के बाद गांव के लोग तरह सतर्कता बरत रहे हैं। भू-स्खलन से होने वाली दरार गहरी है। स्थानीय लोग इस ओर अपने जानवरों और बच्चों को नहीं जाने दे रहे है। उन्हें डर है कि इस दरार में जानवर के पैर फंसने पर हादसे के शिकार हो जाएंगे। इसी तरह छोटे बच्चे गिरने का भय बना है।*

### पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन



भिण्ड/गोहद। नगरीय क्षेत्र के वार्ड 13 की जनता ने युवा नेता शैलेन्द्र, दशरथ सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका सीएमओ को ज्ञापन सौपकर तुरंत निराकरण की मांग की। यहां युवा नेता शैलेन्द्र दशरथसिंह ने बताया कि बार्ड 13 रेनी मोहल्ला में वर्षो पुरानी पाइप लाइन बिछी हुई है जो जर्जर होकर चोक हो गई है जिससे पाइप लाइन से पानी नही पहुच पा रहा है इसके साथ ही पानी छोडने एव चालू रखने की समय सीमा निर्धारित न होने से जनता को पानी को लेकर रतजगा किया जा रहा है वैकल्पिक व्यवस्था हेतु टेंकर से जो पानी प्रदाय किया जा रहा है वो भी भगवान भरोसे है टेकर चालक की मेहरबानी पर निर्भर करता है कि पानी मिलना है कि नही बार्ड 13की जनता ने ज्ञापन सोपते समय समस्या निराकरण न होने पर आंदोलन की धमकी दी है।

# संतों ने दीप जलाकर किया शहीदों की शहादत को नमन

**कारगिल शहीद सरमन सिंह के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर शहर के प्रमुख संतो ने 527 दीप जलाकर शहीदों को दी दीपांजलि**

**ग्वालियर।** कारगिल शहीद श्री सरमन सिंह का बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर शहर के प्रमुख संतो ने 527 दीप जलाकर कारगिल में शहीद हुए सभी 527 अमर बलिदानी यों की शहादत को दीपांजलि के माध्यम से नमन किया। कारगिल युद्ध के अमर बलिदानी वीर श्री सरमन सिंह के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर आज रविवार को जेल रोड स्थित शहीद सरमन सिंह पार्क में दीपांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत शहर के प्रमुख संतो में गौशाला के महंत श्री ऋषभदेवनन्द महाराज, श्री सच्चिदानंद जी ढोली बुआ महाराज , श्री देव प्रकाश गिरी महाराज, श्री कमल पुरी जी महाराज, श्री समरतीर्थ जी महाराज एवं श्री कमलदास महाराज जनकताल एवं रामायणी महाराज श्री प्रदीप पाठक जी द्वारा 527 दीप प्रज्वलित कर अमर बलिदानियों को नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। संत ऋषभ देवआनंद गौशाला लाल टिपारा जी ने अपने उद्बोधन में कहा की आज बलिदान दिवस के रूप में कारगिल के शहीद सरमन सिंह जी का वीरता दिवस मनाया जा रहा है और ऐसे कार्यक्रम समय समय पर होते रहने चाहिए। अपनी पंक्तियों के माध्यम से कहना चाहता हूं सभी लोगों के साथ संत समाज यहां उपस्थित है, जो संतों ने इस राष्ट्र को दिया है वह जन जन तक पहुंचना चाहिए। संत समरतीर्थ महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक वीर सैनिक जो जिसके मन में अपनी जन्म भूमि के लिए उसके मन में जो रहता है वही भाव हमारे आपके मन में यही भाव हो। उसके मन में यही भाव रहता है कि वह मरते मरते हुए भी इस देश को इस धरती मां को नमन करते हुए जाता है और उस मां को कहता है कि मेरी आन बान मिट जाए तो कोई बात नहीं तेरी शान नहीं मिटनी चाहिए के लिए मेरी जान भी चली जाए मगर तेरी शान नहीं जाए । इसलिए किसी महापुरुष ने सैनिकों के लिए यही कहा कि सैनिक जब पैदा होता है तो उसके दिल में अपने देश के लिए यही भाव होता है की शान तेरी कभी कम ना हो है वतन ऐ वतन ऐ वतन ऐ मेरे वतन। साडा के पूर्व अध्यक्ष राकेश जादौन ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीर सैनिकों के प्रति सम्मान की पराकाष्ठा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। संत चरणों में दीपांजलि का कार्यक्रम पिछले 22 वर्षों से आप सभी के सहयोग से संतों के आशीर्वाद से लगातार चल रहा है और हम इस दिवस को विशेष रूप से इसलिए मनाते हैं कि हमारी आने वाली पीढ़ियों मे हमारे आने वाले युवा भारत को समझना चाहिए कि राष्ट्र ऐसे ही महान नहीं है। हमारे रणबांकुरे ने, मां भारती के सपूतों ने अपने कुर्बानियों से और संतों ने अपने जीवन को समर्पित करके इस मां भारती के चरणों में समर्पित किया है।



# CC रोड की ऊंचाई को लेकर भिड़े पड़ोसी; घर में घुसकर मारा, फिर महिलाओं को भी सड़क पर पटककर पीटा, बच्चों तक को नहीं बख्शा

**ग्वालियर।** ग्वालियर के मेवाती मोहल्ले में बन रही सीमेंट रोड की ऊंचाई को लेकर पड़ोसी आपस में भिड़ गए। दोनों परिवारों में जमकर लात-घूंसे चले। दोनों पक्षों ने महिलाओं और बच्चों तक को नहीं छोड़ा। युवकों ने महिलाओं को सड़क पर पटक-पटककर पीटा। घटना दो दिन पुरानी है। इसका वीडियो सोमवार को वायरल हो गया। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष पर मामला दर्ज कर लिया है।

वायरल वीडियो में सीमेंट रोड को लेकर दो पड़ोसी आपस में झगड़ते दिख रहे हैं। युवक आपस में लड़ रहे हैं। महिलाएं भी झगड़ा कर रही हैं। वीडियो में महिलाओं को भी पीटा जा रहा है। जब इस वीडियो के बारे में पता किया तो जानकारी मिली कि यह उपनगर ग्वालियर के मेवाती मोहल्ले का है। वहां सड़क की ऊंचाई को लेकर सोहेल खान और राजू खान के परिवार आपस में उलझ गए। पहले जुबानी जंग हुई फिर दोनों परिवार की महिलाएं भी विवाद में कूद पड़ीं। बहस गाली-गलौज में बदली और उसके बाद लात-घूंसे चलने लगे। एक पक्ष ने पास ही लकड़ी का फट्टा उठाकर दूसरे पक्ष के राजू के सिर पर दे मारा। इसके बाद उसी फट्टे से दूसरे पक्ष ने सोहेल के सिर पर हमला कर दिया। बचाव करने आईं महिलाओं को भी सड़क पर पटककर पीटा गया। हंगामे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को नियंत्रण में लिया।





**1.39 मिनट वायरल वीडियो:** जो वीडियो वायरल हो रहा है वह 1 मिनट 39 सेकेंड का है। उसमें एक घर में घुसकर कुछ लोग बहसकर रहे हैं। दोनों पक्ष एक-दूसरे को पीट रहे हैं। इसी बीच महिलाएं बीच-बचाव के लिए आती हैं। एक महिला को सड़क पर पटककर लात मारता हुआ युवक आगे चला जाता है। एक महिला अपने दो साल के बच्चे को गोद में लेकर बीच बचाव कर रही है। कई बार लोगों के हाथ-पैर उस बच्चे के पास से गुजरे पर गनीमत रही कि बच्चे को डंडा या पत्थर लगा नहीं।

## सभी जिलों में लक्ष्य अनुरूप कराएं कोविड की जाँच संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने कोविड-19 की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में कोविड-19 संक्रमण की जाँच के लिये सेम्पलिंग का कार्य लक्ष्य अनुरूप किया जाए। किसी भी जिले में सेम्पलिंग लक्ष्य से कम न की जाए। इसके साथ ही किल कोरोना अभियान को भी निरंतर जारी रखा जाए। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने गूगल मीट के माध्यम से कोविड-19 की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए हैं। संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने सोमवार को ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में कोविड-19 के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया है कि सभी जिलों को कोविड की जाँच के लिये सेम्पलिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।






# 4700 रुपए के नकली नोट के साथ पकड़ा तस्कर क्वालिटी ऐसी की पुलिस भी खा गई चकमा



**ग्वालियर।** ग्वालियर में नकली नोट के साथ एक तस्कर पकड़ा है। उसके पास वुडलैंड के पर्स और स्कूटर की डिक्की से 100, 200 के 33 नोट मतलब 4700 रुपए मिले हैं। यह नोट नकली हैं, लेकिन इनकी क्वालिटी इतनी हाई है कि एक बार तो पुलिस भी चकमा खा गई। पर ज्यादातर नोट पर एक ही सीरियल नंबर ने उसे पकड़वा दिया।

पुलिस ने इसे पुरानी छावनी तिराहा से पकड़ा है। पकड़ा गया युवक ग्वालियर के रेड एरिया बदनापुरा में किराना की दुकान चलाता है। उसका कहना है कि यह रुपए कोई उसे खुल्ले दे गया था। पर बदनापुरा की ज्यादातर लड़कियां महाराष्ट्र के नागपुर, मुम्बई में सक्रिय हैं। ऐसे में नकली नोट का नागपुर- मुम्बई कनेक्शन सामने आ रहा है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुरानी छावनी थाना पुलिस को खबर मिली थी स्कूटी पर सवार युवक नकली नोट लेकर शहर में खपाने के लिए जा रहा है। खबर मिलते ही पुरानी छावनी तिराहे पर पुलिस टीम तैनात कर दी गई। कुछ देर बाद ही एक स्कूटी M P07 SP-7146 पर युवक आता दिखाई दिया। उसे रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम रोहन रवि हुचिया निवासी बदनापुरा बताया। पुलिस ने जब उसके पेंट से पर्स निकलवाया तो पुलिस दंग रह गई। युवक की जेब में वुडलैंड का लेदर पर्स था। पर्स में कुछ दस्तावेज के अलावा 200 रुपए के 14 नोट मिले। इसके बाद स्कूटी की डिक्की खुलवाई तो उसमें 100 रुपए 19 नोट रखे मिले। नोटों की क्वालिटी इतनी हाई थी कि एक बार तो पुलिस को भी लगा कि गलत सूचना मिली है। यह वह आदमी नहीं है। उसके पास जो नोट थे वह असली लग रहे थे। उनकी पहचान करना मुश्किल था।

### सीरियल नंबर और गांधी जी ने पकड़वा दिया

जब पुलिस ने नोटों को बारीकी से देखा तो तीन-तीन नोट पर एक ही सीरियल नंबर डला था। यह पहली कमी थी जिसने पुलिस का संदेह यकीन में बदल दिया। इसके बाद जब नोट को लाइट्स की ओर करके देखा तो उसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधीकी की आकृति भी नजर नहीं आ रही थी। इसके बाद यकीन हो गया था यह 100 और 200 रुपए के 33 नोट नकली है। कुल रकम 4700 रुपए जब्त कर युवक को पुलिस थाने लेकर पहुंची और उससे पूछताछ शुरू कर दी।

### किराना की दुकान पर कोई दे गया था

पुलिस ने जब पूछताछ की तो पकड़ा गया युवक बोला कि बदनापुरा में उसकी किराना दुकान है। वहां बिंडल खरीदने के लिए एक व्यक्ति आया था। उसके पास 4 हजार रुपए के खुल्ले थे। मेरे पास दो-दो हजार के दो नोट थे, जो उसे देकर यह रुपए लिए थे। मुझे नहीं पता कि वह नकली नोट ठिकाने लगा गया। पुलिस को यकीन है कि युवक फेंक कहानी सुना रहा है।

### नकली नोटों का मुंबई और नागपुर कनेक्शन

बदनापुर के अधिकांश लोगों की नागपुर और मुंबई यात्रा होती रहती है। यह ग्वालियर का रेड एरिया माना जाता है। यहां की लड़कियां मुम्बई, नागपुर सहित महाराष्ट्र के कई शहरों में काम कर रही हैं। पुलिस को आशंका है कि रोहन रवि का भी कनेक्शन मुंबई और नागपुर से जुड़ा है।

# 7 माह पहले जिस बाथरूम में बेटे ने खुदकुशी की, गम में पिता ने भी वहीं लगा ली फांसी



**ग्वालियर।** थाटीपुर की दर्पण कॉलोनी में रहने वाले रहने वाले अलकेश (52) पुत्र कृष्ण दयाल सक्सैना ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उनके बेटे ने भी सात माह पहले बाथरूम में फांसी लगाकर जान दी थी। बेटे की मौत के गम में पिता ने भी उसी बाथरूम में शॉवर से साफी का फंदा बनाकर बांधा और फांसी लगा ली।

मरने से पहले उन्होंने सुसाइड नोट भी लिखा है- जिसमें बेटे की मौत होने की वजह से आत्महत्या करने की बात कही है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। थाटीपुर थाना प्रभारी आरबीएस विमल ने बताया कि अलकेश प्रायवेट नौकरी करते थे। उन्होंने बीती रात खाना खाया, इसके बाद कमरे में गए। रात में बाथरूम में शॉवर से साफी का फंदा बनाकर लटकाया। इसके बाद फांसी लगा ली। युवक ने लगाई फांसी- उपनगर ग्वालियर के छोटा बाजार में रहने वाले संजीव ने फांसी लगा ली। पुलिस के मुताबिक संजीव बाजार से घर लौटकर आया। इसके बाद खाना खाकर कमरे में चला गया। यहां उसने फांसी लगा ली। उधर, हजीरा पुलिस ने ज्योति वर्मा की मौत के जिम्मेदार 3 हजार के इनामी शुभम वर्मा को कानपुर से गिरफ्तार किया है।

### सुसाइड नोट के अंश

मेरे बेटे ने सात माह पहले आत्महत्या कर ली थी। मैं उसके बिना जी नहीं पा रहा हूं। इसलिए अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं।







पुष्पांजली टुडे समूह द्वारा

हरिओम चतुर्वेदी जी को शिवपुरी ज़िला ब्यूरो चीफ बनाये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



खबरे एवं विज्ञापन के लिए आप हमें संपर्क करें
संपर्क – 9009279100


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478